


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बम्लेश्वरी माता मंदिर में प्रारंभ से ही तेल की ज्योति, राजधानी के महामाया मंदिर में घी पर प्रतिबंध



दंतेश्वरी मंदिर

# मिलावट का खेल पुराना... छग के देवी मंदिरों में दशकों पहले बंद हो चुकी 'घी की ज्योति', प्रसाद में भी इस्तेमाल से तौबा

तिरुपति मंदिर में बांटे जा रहे प्रसाद में मिलावटी घी का मामला सामने आने के बाद देशभर के मंदिरों में विशेष सावधानी बरती जा रही है। लेकिन छत्तीसगढ़ के देवी मंदिरों में दशकों पहले ही इससे संबंधित व्यवस्था निर्मित की जा चुकी है। मिलावटी घी की आशंका को देखते हुए यहां घी के ज्योति कलश पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। इन मंदिरों में सिर्फ तेल की ही ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जा रही है। कई मंदिर ऐसे भी हैं, जो शुद्धता का ध्यान रखते हुए केवल सरकारी कंपनी देवभोग से ही खरीदे गए घी से ज्योति जला रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

इनमें ना केवल छग के प्राचीन और सिद्ध मंदिर शामिल हैं, बल्कि राजधानी के भी छोटे-बड़े मंदिरों में दशकों से घी के ज्योति कलश बैन कर दिए गए हैं। इसके अलावा मंदिरों में वितरित किए जाने वाले प्रसाद में भी घी का प्रयोग नहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

बम्लेश्वरी माता मंदिर



### यहां घी की प्रथा ही नहीं

डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी माता मंदिर में शुद्धता का ध्यान रखते हुए घी के ज्योति कलश जलाने की परंपरा कभी रही ही नहीं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, घी में सदैव ही मिलावट की आशंका होती है। इसे आसानी से पहचान पाना भी मुश्किल होता है। इसलिए मंदिर में शुरुआत से ही केवल तेल के ही ज्योति कलश जलाए जाते रहे हैं। यहां प्रसाद भी नारियल, चना, फल अथवा ऐसे मिष्ठान का दिया जाता है, जिसमें घी का इस्तेमाल ना होता हो।

महामाया मंदिर



### 2004 में किया गया बंद

राजधानी रायपुर के सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित देवी मंदिर महामाया मंदिर में 2004 से घी के ज्योति कलश जलाना बंद कर दिया गया है। मंदिर ट्रस्ट के सचिव व्यास नारायण तिवारी ने बताया कि मिलावटी घी के कारण जहां आस्था से खिलवाड़ होता है, वहीं इसे जलाने से अत्यधिक कार्बन का उत्सर्जन होता है। मंदिर में प्रतिवर्ष 11 हजार ज्योति कलश जलाए जाते हैं। पहले घी और तेल दोनों ही इसमें शामिल होते थे, लेकिन बीते दो दशक से सिर्फ तेल की ही ज्योति कलश जलाई जा रही है।

### केवल देवभोग घी का प्रयोग

**दंतेवाड़ा।** दंतेश्वरी मंदिर में शुद्धता मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इसके चलते यहां मात्र सरकारी कंपनी देवभोग द्वारा निर्मित घी का प्रयोग किया जाता है। कोराना काल में देवभोग घी की सप्लाई नहीं होने के कारण दो साल तक यहां घी की ज्योति कलश नहीं जलाई जा सकी। केवल तेल के ही ज्योति कलश जलाए गए। लेकिन हालात सामान्य होने के बाद पुनः देवभोग घी का प्रयोग करते हुए ज्योति जलाई जा रही है।

### निजी कंपनी को जगह नहीं

**जगदलपुर।** बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी मंदिर में इस साल नवरात्र पर नोवा घी की जगह देवभोग का घी उपयोग में लाया जाएगा। तिरुपति में बनाए जाने वाले लड्डू के घी में चर्बी और मछली का तेल पाया गया है। इसलिए छत्तीसगढ़ के मंदिरों में नवरात्र पर जलने वाले ज्योत में शुद्ध घी का उपयोग किए जाने के लिए शासन ने निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में ⏭ शेष पेज 4 पर






## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट के नए सीजे कैत ने ली शपथ



**भोपाल।** न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने बुधवार को मप्र हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई।

### शाही ईदगाह मामले में सुनवाई 30 सितंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह विवाद मामले की अगली सुनवाई की तिथि 30 सितंबर तय की है। बुधवार को मामले में सुनवाई हुई अदालत को बताया गया कि वादी (हिंदू पक्ष) की ओर संशोधन की अनुमति मांगी गई है।

### भारतीयों को लेबनान छोड़ने की सलाह

**नई दिल्ली।** इजरायल और लेबनान के बीच लड़ाई भीषण रूप लेती जा रही है जिससे मिडिल ईस्ट में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। इसे लेकर बेरूत स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को को लेबनान में भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की।

ड्रग रेगुलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने जारी किया अलर्ट

# पैरासिटामोल समेत 53 दवाइयां क्वालिटी टेस्ट में हो गईं फेल!

पेट के इंफेक्शन के लिए दी जाने वाली दवा मेट्रोनिडाजोल भी सही नहीं निकली

**अगर बुखार या दर्द आने पर आप तुरंत पैरासिटामोल खा लेते हैं तो सावधान हो जाइए। देश के ड्रग रेगुलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने ताजी मासिक ड्रग अलर्ट जारी की है। इसमें पैरासिटामोल समेत 53 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई हैं। इन दवाओं में कैल्सियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंट्स, एंटी डायबिटीज की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर के लिए दवाएं भी शामिल हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ड्रग रेगुलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट ने आम आदमी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सीडीएससीओ ने इन 53 दवाओं को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी अलर्ट के तौर पर घोषित किया है।

एनएसक्यू अलर्ट स्टेट ड्रग ऑफिसर्स की ओर से लिए गए रैंडम मासिक सैंपलिंग से जेनरेट किए जाते हैं। जो दवाएं क्वालिटी टेस्ट पास नहीं कर पाईं हैं उनमें विटामिन सी और डी3 री टेबलेट शेलकेल, विटामिल बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल्स, एंटीएसिट पैन-डी, पैरासीटामोल टैबलेट आईपी 500 एमजी, डायबिटीज की दवाई ग्लिमेपिराइड जैसी दवाएं हैं। ड्रग रेगुलेटर ने क्वालिटी टेस्ट में फेल होने वाली दवाओं की दो लिस्ट जारी की हैं।

पहली लिस्ट में 48 पॉपुलर दवाइयों के नाम हैं। वहीं, दूसरी लिस्ट में 5 दवाओं को शामिल किया गया है, इसमें उन फार्मास्यूटिकल कंपनियों के लिए एक रिप्लाई सेक्शन भी रखा गया है जो क्वालिटी टेस्ट में फेल हुई हैं। लेकिन, इसे लेकर आने वाले रिस्पॉन्स यह संकेत दे रहे हैं कि ये कंपनियां दवाओं को फर्जी बताते हुए जिम्मेदारी लेने से इंकार कर रही हैं।

### इन दवाइयों पर बैन

सीडीएससीओ की सूची में कैल्शियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंट्स, एंटी डायबिटीज की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं शामिल हैं। बैन की गई दवाओं की लिस्ट में दौरे और एंग्जाइटी में इस्तेमाल की जाने वाली क्लोनाजेपाम टैबलेट, दर्द निवारक डिक्लोफेनेक, सांस की बीमारी के लिए इस्तेमाल होने वाली एंब्रॉक्सोल, एंटी फंगल फ्लुकोनाजोल और कुछ मल्टी विटामिन और कैल्शियम की गोलियां भी हैं।

## कैल्शियम, विटामिन डी 3 सप्लीमेंट्स और हाई ब्लड प्रेशर की कुछ दवाएं शामिल



## एक महीने पहले 156 दवाओं पर लगाई थी रोक

सरकार ने एक महीने पहले 156 दवाओं के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर रोक लगाई थी। इनमें एंटीबायोटिक, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन शामिल हैं। सरकार ने यह फैसला इन दवाओं के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होने की वजह से लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के प्रोडक्शन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने कई दवाओं के मेल से बनी दवाइयों पर रोक लगा दी है। इनमें एंटीबायोटिक, एलर्जी की दवा, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन और बुखार और हाई ब्लड प्रेशर के लिए दी जाने वाली दवाएं शामिल हैं। यह फैसला ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड और केंद्र सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया है।

### दर्द-बुखार के लिए पैरासिटामोल का उपयोग

पैरासिटामोल एक दवा है जिसका उपयोग हल्के से मध्यम दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। पैरासिटामोल का उपयोग बुखार (उच्च तापमान) के इलाज के लिए भी किया जा सकता है। पैरासिटामोल की अनुशंसित खुराक से अधिक लेना खतरनाक है। पैरासिटामोल की अधिक मात्रा आपके लीवर को नुकसान पहुंचा सकती है और मृत्यु का कारण बन सकती है।

### कौन सी कंपनियां बनाती हैं ये दवाएं?

इन दवाओं को हेटेरो ड्रग्स, एलकेम लैबोरेटरीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, मेग लाइफसाइंसेज और प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर जैसी कंपनियां मैन्युफेक्चर करती हैं। पेट में इंफेक्शन की जांच करने के लिए बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाली दवा मेट्रोनिडेजोल भी क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई है। इस दवाई को पीएसयू कंपनी हिंदुस्तान एंटीबायोटिक लिमिटेड बनाती है। लेकिन, ये कंपनियां इस बात की जिम्मेदारी लेती हुई नहीं दिखाई दे रही हैं।

### जांच ने पांच दवाएं निकली नकली

सीडीएससीओ ने 53 दवाओं की सूची जारी की है, जो जांच में फेल हो गईं। इनमें से 5 दवाइयां नकली थीं। यानी दवा बनाने वाली कंपनियों ने कहा कि ये उनकी मेडिसिन नहीं हैं, बल्कि मार्केट में उनके नाम से नकली दवाइयां बेची जा रही हैं। पेट के इंफेक्शन के लिए दी जाने वाली दवा मेट्रोनिडाजोल भी इस जांच में फेल हो गई है, जिसे हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड बनाती है। इसी तरह टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स की शेलकाल टैबलेट्स भी जांच में असफल रहीं।

मंत्रियों, पदाधिकारियों के साथ मंथन

## आज आएंगे भाजपा प्रमुख नड्डा सदस्यता की करेंगे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर आयेंगे। वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संगठन का महापर्व सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा वे दो अहम कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे। श्री नड्डा 26 सितम्बर को



अपराह्न 4 बजे राजधानी के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे और वहां से वे सीधे पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीगोपाल व्यास के विधायक कॉलोनी स्थित निवास जाएंगे। यहांश्री व्यास को भाजपा की सदस्यता प्रदान करेंगे। इसके बाद केनाल रोड पर स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नालंदा परिसर पहुंचेंगे और छात्रों से भेंट व चर्चा करेंगे। परिसर से बाहर स्थित उद्यान में आयोजित सदस्यता अभियान में हिस्सा लेंगे। वे देर शाम 7 बजे ⏭ शेष पेज 4 पर

पर्यटन के क्षेत्र में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

## चित्रकोट और ढूढमारस होंगे राष्ट्रीय फलक पर सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल होने जा रही है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित बेस्ट टूरिज्म गांव के तहत बस्तर जिले के ढूढमारस और चित्रकोट गांवों को विशेष सम्मानित किया ⏭ शेष पेज 4 पर

### सीएम विष्णुदेव साय का पर्यटन विकास का विजन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर



पर पहचान दिलाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है। धार्मिक पर्यटन के तहत, राज्य में पांच शक्तिपीठों-सूरजपुर का कुदरगढ़, चंद्रपुर का चंद्रहासिनी मंदिर, ⏭ शेष पेज 4 पर

कोयला लेवी घोटाले से जुड़ा धन शोधन मामला

## कड़ी शर्तों के बीच सौम्या को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप-सचिव सौम्या



चौरसिया को अंतरिम जमानत दे दी, जो कथित 'कोयला लेवी घोटाले' से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने कहा कि चौरसिया एक साल और नौ महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं, उनके खिलाफ आरोप तय होना बाकी है और सुनवाई अभी शुरू नहीं हुई है। शीर्ष अदालत ने छत्तीसगढ़ सरकार को निर्देश दिया कि अगले ⏭ शेष पेज 4 पर

### सौम्या को फिलहाल नहीं मिलेगी राहत

**रायपुर।** माइनिंग घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद भी राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को राहत नहीं मिलेगी। सौम्या चौरसिया के खिलाफ एसीबी तथा ईओडब्लू ने माइनिंग घोटाला तथा आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। इन दोनों मामलों में सौम्या चौरसिया की हाईकोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई होना बाकी है। इस बात की पुष्टि बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने की है।

### बड़ी साजिश का लगाया था आरोप

ईडी ने 2022 में आरोप लगाया था कि कोयला लेवी 'घोटाले' को अंजाम देने के लिए प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य में 'बड़ी साजिश' रची गयी थी। एजेंसी ने दावा किया था कि कथित घोटाले में पिछले दो साल में 540 करोड़ रुपए वसूल किए गए थे। धन शोधन का मामला आयकर विभाग की एक शिकायत पर आधारित है। एजेंसी ने कहा था कि ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है जिसमें एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में कोयला की ढुलाई पर प्रति टन 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी।




# ‘कांग्रेस को लाने का मतलब विकास को दांव पर लगाना, यह हरियाणा को बर्बाद कर देगी’

## सोनीपत के गोहाना में हुई चुनावी सभा में मोदी ने कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनीपत के गोहाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। यहां की चुनावी सभा में मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी। कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मचा हुआ है। कर्नाटक में इनके सीएम और डिप्टी सीएम लड़ रहे हैं। यही हाल हिमाचल और तेलंगाना में है। यहां कांग्रेस को लाने का मतलब हरियाणा के विकास को दांव पर लगाना है। प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले पहले सीएम भूपेंद्र हुड्डा की अगुआई वाली कांग्रेस सरकार के वक्त दलितों पर अन्याय का मुद्दा उठाया। इसके अलावा बिना नाम लिए सिरसा सांसद कुमारी सैलजा के साथ कांग्रेस में हो रहे व्यवहार पर भी सवाल खड़े किए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस आतंक और अलगाववाद को हवा देना चाहती है। कांग्रेस को शांति पसंद नहीं, इसलिए जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को वापस लाना चाहती है। पीएम ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार को पालने-पोसने वाली बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। कांग्रेस ने जहां कदम रखा, वहां करप्शन और भाई-भतीजावाद पक्का है।



### ‘मुझे जेल से जल्दी छोड़ दिया होता तो हरियाणा में आप की सरकार होती’



**हिसार।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार में जुटे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बड़ा दावा किया। हिसार में उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां आप के बिना सरकार नहीं बनेगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, ‘ हरियाणा में आप का जबरदस्त माहौल है। अगर मुझे जेल से जल्दी छोड़ दिया होता तो यहां आम आदमी पार्टी की सरकार बनती। हालांकि अब जो भी यहां सरकार बनेगी, वह आप के बिना नहीं बनेगी।

### कांग्रेस-भाजपा आरक्षण खत्म करने में लगी : मायावती

**उचाना।** हरियाणा में इस बार बसपा और इनेलो का गठबंधन है। 90 सदस्यों वाली विधानसभा में इनेलो 53 और बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसी के तहत, उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने बुधवार को उचाना की चुनावी सभा में कांग्रेस, भाजपा पर जमकर आरोप लगाए। बसपा सुप्रीमो ने कहा, राहुल गांधी ने विदेश में जाकर आरक्षण को आने वाले वक्त में खत्म करने का ऐलान किया है। जब वह (राहुल गांधी) भारत में रहते हैं, किसी राज्य में चुनाव होता है तो गिरगिट की तरह रंग बदल लेते हैं। कहते हैं कि आरक्षण के पक्ष में हैं। दरअसल, कांग्रेस और भाजपा आरक्षण को खत्म करने में लगी हुई हैं। आरक्षण को बचाना है तो इन दोनों पार्टियों को वोट नहीं देना। बसपा सुप्रीमो ने यह बातें हरियाणा में कही। जींद के उचाना में बुधवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की 111वीं जयंती पर इनेलो ने रैली की। रैली में पूर्व सीएम मायावती और इनेलो सुप्रीमो व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला पहुंचे। मायावती ने कहा कि सरकार बनने पर गठबंधन की ओर से अभय चौटाला को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। एक डिप्टी सीएम बीएसपी की ओर से, एक डिप्टी सीएम अन्य पिछड़े वर्ग समाज से बनाया जाएगा। ये डिप्टी सीएम कौन होंगे, इसका फैसला नतीजा आने के बाद लिया जाएगा।



# ‘बदलापुर की घटना को नहीं मान सकते एनकाउंटर’

एजेंसी ▶▶ मुंबई




बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर बांबे हाई कोर्ट ने सवाल उठाए हैं। मृतक अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि बदलापुर की घटना को एनकाउंटर मानना मुश्किल लग रहा है। रिपोर्ट बताती है कि पुलिस ने आरोपी के सिर में गोली मारी। सेल्फ डिफेंस में तो पैर पर गोली मारी जाती है। पहली नजर में गड़बड़ी नजर आ रही है। अदालत ने कहा कि पुलिस ने पहले शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो गोलीबारी से बचा जा सकता था और इस बात पर विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि उसने एक पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं। अदालत ने पूछा कि आरोपी को पहले हाथ या पैर के बजाय सीधे सिर में गोली क्यों मारी गई? न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर उसे पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले के सभी कागजात तुरंत राज्य सीआईडी को सौंपने का भी निर्देश दिया, जो शिंदे कि मौत की जांच करेगी। कोर्ट ने सवाल किया, ‘’फाइलें अभी तक सीआईडी को क्यों नहीं सौंपी गईं?’’

### सिरसा में भाजपा जिला सचिव ने की कांग्रेस ज्वाइन



भाजपा को सिरसा में उस समय एक बड़ा झटका लगा, जब भाजपा के जिला सचिव एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष कंवरजीत सिंह चहल एडवोकेट ने अपने साथियों सहित कांग्रेस का हाथ थाम लिया। वे गत दिवस सिरसा में रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल हुए। वहीं दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कंवरजीत सिंह चहल व उनके साथियों को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।




### पिरोडिक लेबर फोर्स सर्वे की रिपोर्ट में राज्य ने उत्तर प्रदेश को पीछे छोड़ा

# सबसे कम बेरोज़गारी दर वाले राज्यों में 5वें स्थान पर छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य ने रोजगार सृजन के मामले में देश भर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जारी *पिरोडिक लेबर फोर्स सर्वे ( पीएलएफएस)*की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। राज्य में चल रहे रोजगार सृजन और विकास प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ अब उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ चुका है, जो बेरोजगारी दर के मामले में राज्य की बड़ी सफलता को दर्शाता है। ग़ौरतलब है कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) द्वारा पीएलएफएस के लिए नमूना सर्वेक्षण और डेटा संग्रह का कार्य किया जाता है। जो कि भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

**पीएलएफएस रिपोर्ट में अन्य राज्यों की स्थिति :** पीएलएफएस *की रिपोर्ट ने देश भर के विभिन्न राज्यों में बेरोजगारी के आंकड़ों का भी खुलासा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, केरल में बेरोजगारी दर सबसे अधिक रही, जहां 15-29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर 29.9% दर्ज की गई। केरल में महिलाओं में बेरोजगारी दर 47.1% और पुरुषों में 19.3% रही।

**रोजगार सृजन में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण प्रगति**

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। सरकार ने हाल ही में पुलिस, स्वास्थ्य, पीएचई (सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) और पंचायत विभागों में 1,068 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने खासतौर पर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित किया है।*

### छत्तीसगढ़ का विकास और प्रधानमंत्री मोदी का विज़न

छत्तीसगढ़ राज्य, जो कि पहले से ही अपने प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, अब रोजगार सृजन और विकास के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘आत्मनिर्भर भारत’ के विजन को भी साकार कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के जरिए सरकार ने राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार देश के हर कोने में विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है, छत्तीसगढ़ सरकार उसी दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दिशा में प्रदेश के प्रत्येक गांव में रोजगार सृजन की योजनाओं का विस्तार करने का संकल्प लिया है, ताकि राज्य का हर युवा आत्मनिर्भर बन सके और राज्य का विकास तेज़ी से हो सके।



रायपुर
गुरुवार 26 सितंबर 2024
आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 23, अंक : 71
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 30.2
न्यून. 25.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# दिल्ली को अपना दर्द दिखाकर लौटे बस्तर के नक्सल पीड़ित, अब उम्मीद-लौटेगी शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बस्तर शांति समिति के बैनर तले छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक यात्रा कर लौटे 50 से अधिक नक्सल पीड़ित बस्तर के सात जिलों के लोग अब रायपुर लौट आए हैं। बुधवार को रायपुर प्रेस क्लब में रूबरू में समिति के जयराम, राधा सलाम, दयालुराम ने पीड़ा बयां करते हुए बताया कि धमाकों में बस्तर का विकास गुम हो गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हमने दिल्ली में करीब एक घंटे की चर्चा में हर बस्तर के पीड़ितों की व्यथा बताई। इसे सुनने के बाद ▶▶|शेष पेज 4 पर



## छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक यात्रा के बाद पीड़ितों ने रूबरू में बताई पीड़ा

**जल्द शांति स्थापित होगी**

नक्सल पीड़ित बस्तरवासियों ने बताया कि दिल्ली में नवनिर्मित कर्तव्य पथ का भी दौरा किया। कर्तव्य पथ पर चलते हुए माओवादियों को आह्वान किया कि वे भी लोकतंत्र के मार्ग पर चले, ताकि बस्तर में शांति बहाल हो सके। पीड़ितों ने बताया कि 21 सितंबर को दिल्ली यूनिवर्सिटी भी गए और वहां हमने मीडिया से चर्चा की, साथ ही अर्बन नक्सलियों को भी ललकारा और उन्हें कहा कि नक्सलवाद तो जल्द ही खत्म हो जाएगा, लेकिन अर्बन नक्सली अगर नहीं सुधरे, तो उनका वास्तविक चेहरा भी पूरा देश देखेगा। अब हम दिल्ली में अपनी बात रखकर आए हैं, तो हमें विश्वास है कि समस्या का समाधान भी निकलेगा और बस्तर में पुनः शांति स्थापित होगी।



## जिम्मेदारों को सुनाई व्यथा



*केंद्रीय गृहमंत्री ने सभी पीड़ितों की व्यथा व्यक्तिगत स्तर पर सुनी। बस्तरवासियों की पीड़ा सुनने के बाद यह आश्वासन दिया है कि गृह मंत्रालय ना सिर्फ उनकी चिंता कर रहा है, बल्कि मोदी सरकार जल्द बस्तर को माओवादी आतंक से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री को बस्तर शांति समिति की ओर से बस्तर में शांति स्थापित करने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। पीड़ितों का प्रतिनिधिमंडल बस्तर की पीड़ा की जानकारी देने एवं वस्तुस्थिति बताने राष्ट्रपति भवन पहुंचा। यहां पीड़ितों ने राष्ट्रपति से भेंट की और उन्हें माओवादियों की क्रूरता एवं बस्तर में चल रही हिंसा से अवगत कराया।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शीर्ष 100 संस्थानों में तीन आईएमएम

**नई दिल्ली।** तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है।



### ट्रेलर से जा टकराई कार, सात की मौत

**साबरकांठा।** गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास एक राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार 'ट्रेलर ट्रक' से जा टकराई जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



### तालाब में डूबने से आठ नाबालिग की मौत

**औरंगाबाद-पटना।** औरंगाबाद जिले में 'जीवितपुत्रिका' त्योहार के दौरान तालाबों में नहाते समय सात लड़कियों समेत आठ नाबालिग डूब गए। मृतकों में पंकज कुमार (8), सोनाली कुमारी (13), नीलम कुमारी (12), राखी कुमारी (12), अंकु कुमारी (15), निशा कुमारी (12), चुलबुल कुमारी (13), लाजो कुमारी (15), राशि कुमारी (18) के रूप में हुई है।

### दुबई जाने वाले विमान को यात्रा की दी मंजूरी

**चेन्नई।** विमान से धुआं निकलने के कारण निलंबित की गई दुबई जाने वाली एमिरेट्स की उड़ान को उचित जांच और मंजूरी के बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। विमान के पंख वाले हिस्से में धुआं उठते देख उड़ान निलंबित कर दी गई थी।



### दूसरे चरण में 26 सीटों पर वोटिंग, रियासी-बड़गाम-पुंछ में दिखी भीड़

# कश्मीर के जिन इलाकों में चलती हैं तड़ातड़ गोलियां, वहीं ज्यादा मतदान

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 56.04 फीसदी वोटिंग हुई। कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। जहां कभी आतंकियों की गोलियां बरसती थीं, वहां बुधवार को दनादन वोटिंग हुई। रियासी में छह, बड़गाम में पांच, रियासी और पुंछ में तीन-तीन और गांदरबल में दो सीटों पर वोट डाले गए। पाकिस्तान से लगे नॉशेरा विस क्षेत्र के मकरी और सेहर गांवों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ी, जो भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक है।*

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 56.05 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार जम्मू क्षेत्र में श्री माता वैष्णो देवी सीट पर सबसे अधिक 75.29 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसके बाद पुंछ-हवेली में 72.71, गुलाबगढ़ (आरक्षित) में 72.19 और सुरनकोट 72.18 का स्थान रहा। कश्मीर घाटी में 15 विधानसभा क्षेत्रों में से खानसाहिब सीट पर 67.70 प्रतिशत मतदान हुआ, इसके बाद कंगन (आरक्षित) में 67.60 प्रतिशत और चरार-ए-शरीफ में 66 प्रतिशत मतदान हुआ।

हब्बाकदल निर्वाचन क्षेत्र में शाम पांच बजे तक सबसे कम 15.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में श्रीनगर जिले में 93, बडगाम जिले में 46, राजोरी जिले में 34, पुंछ जिले में 25, गांदरबल जिले में 21, रियासी जिले में 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें पहले चरण में 18 सितंबर को 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। इधर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को जम्मू क्षेत्र में चुनाव प्रचार पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जहां सीट बंटवारे के समझौते के तहत उसे अधिक सीटें मिली हैं।



**भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक केंद्रों पर दिखी मतदाताओं की भारी भीड़**

**श्री माता वैष्णो देवी सीट पर सबसे अधिक 75.29 प्रतिशत**

### बुजुर्ग ने पहले पौधा लगाया फिर मतदान

पुंछ जिले के मेंढर में 80 साल से अधिक उम्र के एक बुजुर्ग ने न केवल अपने मताधिकार का उपयोग किया, बल्कि मतदान करने से पहले मतदान केंद्र के पास एक पौधा भी लगाया। अकबर खान (83) ने अपने परिवार के साथ पुंछ जिले के सीमावर्ती मेंढर निर्वाचन क्षेत्र में अपना वोट डाला। मतदान से पहले युवाओं से अपील की।

### सीईसी बोले-कश्मीर में रचा जा रहा इतिहास

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'इतिहास रचा' जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर कभी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बहिष्कार का आह्वान किया जाता था, वहां आज मतदान केंद्रों के बाहर लोग लंबी कतारों में खड़े रहे। इस चरण का शत-प्रतिशत सीसीटीवी कवरेज किया गया। हर कोई भी भी देख सकता है कि वोट डालने के लिए युवा, महिलाएं, बुजुर्ग कतारों में खड़े रहे और अपनी बारी का धैर्य के साथ इंतजार करते रहे।

### रैना, उमर और कर्रा समेत दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

इस चरण में पूर्व मंत्रियों और पूर्व विधायकों समेत की कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें नेका नेतां व पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र रैना प्रमुख चेहरे हैं। उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि हामिद कर्रा सेंट्रल शाल्टेंग सीट से मैदान में हैं।

### जेल में बंद अलगाववादी सर्जन वागे भी मैदान में

जेल में बंद अलगाववादी नेता सर्जन अहमद वागे उर्फ बरकती भी चुनाव लड़ रहे हैं। वह बीरवाह और गांदरबल सीटों से मैदान में हैं। वह गांदरबल से उमर अब्दुल्ला के खिलाफ इंजीनियर रशीद की तरह मुकाबले में हैं। बता दें कि तिहाड़ जेल से संसदीय चुनाव लड़कर रशीद ने बारामुला सीट से उमर को दो लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था।

### मालवा एक्सप्रेस के ब्रेक चिपके

## ट्रेन में चिंगारी और धुएं के बाद यात्रियों में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

इंदौर में मालवा एक्सप्रेस के पहियों के ब्रेक चिपकने से एक गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के दौरान ट्रेन के पहियों से चिंगारी निकलने लगी, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, समय पर धुएं पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। रेल विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ट्रेन अपनी पूरी रफ्तार में दौड़ रही होती, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। चश्मदीदों ने यह जानकारी दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है।

### पहिए चिपक गए

इस घटना का मुख्य कारण राजेंद्र नगर के पास पहियों का चिपकना था। यात्रियों ने जब देखा कि AC कोच के पहियों से चिंगारी निकल रही है, तो उन्होंने तुरंत ट्रेन प्रबंधन को सूचित किया। इसके बाद ट्रेन को राऊ के पास रोका गया। यार्ड से विशेषज्ञ इंजीनियर पहुंचे और उन्होंने फायर एस्टिंग्विशर की मदद से धुएं पर नियंत्रण पाया। ट्रेन को राजेंद्र नगर यार्ड में चेक किया गया।

### लापरवाही से हुई घटना

रेल विशेषज्ञ नागेश नामजोशी ने बताया कि यह घटना मेंटेनेंस में लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अगर ट्रेन की गति अधिक होती और एक पहिया रिस्पॉन्ड नहीं करता, तो कोच पलटने का खतरा उत्पन्न हो सकता था। उन्होंने आगाह किया कि अगर ऐसी घटनाएं बार-बार होती रहीं, तो रेलवे अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेना होगा। इस घटना के बारे में रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि पहिए जाम होने पर स्पार्किंग होती है, जो सामान्य प्रक्रिया है।

**मौसम विभाग का रेड अलर्ट स्कूलों में आज छुट्टी**

## मुंबई में आफत की बारिश 11 उड़ानें रद्द, 14 डायवर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मानसून की विदाई से ठीक पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में जमकर बारिश हो रही है। कई निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। कुर्ला और ठाणे स्टेशनों के बीच लोकल ट्रेनें रुक गईं और यात्री फंस गए, जबकि सड़कों पर ट्रैफिक धीमा हो गया। भारी बारिश का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा और 11 फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा। वहीं, 14 विमानों को डायवर्ट किया गया। मुंबई और उसके उपनगरों में भारी बारिश के 'रेड अलर्ट' के बीच गुरुवार को स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने मुंबई में भारी बारिश के कारण अवकाश घोषित कर दिया है।



### जरूरी हो तो घर से निकलें

बीएमसी ने नागरिकों से बहुत अधिक आवश्यक होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलने की अपील की है। उसने कहा, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम की जानकारी लें और उसके अनुसार ही योजना बनाएं। मुंबई और उसके उपनगरों में बुधवार दोपहर से भारी बारिश जारी है, जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं।

### पांच आरोपियों की सजा बरकरार

## हाईकोर्ट ने कहा-संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने कहा है कि संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता। इसके साथ ही हत्या के मामले में शामिल पांच आरोपियों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, जबकि एक सह-आरोपी को बरी किया है। कबीरधाम जिले में 3 फरवरी 2019 की रात को 23 वर्षीय चेतन यादव की अपहरण के साथ हत्या कर दी गई थी। जिला कोर्ट ने ▶▶|शेष पेज 4 पर



### हाईकोर्ट ने कही यह बात

अदालत ने फैसला सुनाया कि संदेह, चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता, और चूंकि निर्मलकर को अपराध से जोड़ने वाली कोई भी सामग्री नहीं मिली, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ दिया गया।

**डिप्टी रेंजर सहित कर्मचारी घायल**

## रेत तस्करों का वन विकास निगम के अफसरों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम डालामौहा में बीते रविवार को रेत तस्करी की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने मौके पर पहुंचे वन विकास निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों पर तस्करों ने जानलेवा हमला कर दिया। तस्करों ने अधिकारी कर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना के बाद पीड़ितों ने इसकी रिपोर्ट कुकदुर थाना में दर्ज कराई है। जिस पर कुकदुर पुलिस ने दो नामजद के साथ अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज ▶▶|शेष पेज 4 पर



### जांच के लिए बुलाई फॉरेंसिक टीम

इस हमले में डिप्टी रेंजर के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट आई है, जिससे वे लहूलुहान हो गए। वहीं एक और वनकर्मी भी आरोपियों के घातक हमलों से लहूलुहान हो गया। बाद में जैसे-तैसे वनकर्मी व अधिकारी तस्करों के चंगुल से निकले। उन्होंने कुकदुर थाना पहुंचकर पंडरीखार निवासी सालिकराम तथा एक अन्य डालामौहा निवासी पंचराम के लड़के की पहचान करते हुए इनकी नामजद तथा अन्य ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कोर्ट ने तीन महीने में रिपोर्ट सौंपने के दिए आदेश

## भूखंड घोटाला में सीएम सिद्धरमैया के खिलाफ लोकायुक्त करेगा जांच



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरणभूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ बुधवार को लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया। इसके साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

### सिद्धरमैया बोले जांच के लिए तैयार

विशेष अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिद्धरमैया ने दोहराया कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं कानूनी लड़ाई के लिए तैयार हूं। मैंने कल भी यही कहा था और आज भी यही कह रहा हूं। गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि लोकायुक्त पुलिस एक स्वतंत्र संस्था है।

### कर्नाटक हाईकोर्ट के मामले पर सीजेआई बोले

# किसी हिस्से को नहीं कह सकते पाकिस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो 'स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण' मानी जाएं या किसी खास 'लैंगिकता या समुदाय' के खिलाफ हों। साथ ही कोर्ट ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए बुधवार को ये कड़ी टिप्पणियां कीं। न्यायालय ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने ▶▶|शेष पेज 4 पर



### रिपोर्ट में यह बात सामने आई

*कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गयी टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था। अदालत कक्ष में पीठ द्वारा आदेश सुनाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने टिप्पणियों के बारे में 'एक्स' पर आए कुछ संदेशों का उल्लेख किया और उन्हें 'पूरी तरह से कटु' बताया।*

### जस्टिस ने मांगी माफी, केस बंद

*इसके बाद जस्टिस श्रीशनंदा ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांग ली। सीजेआई की पीठ ने माफी मंजूर करते हुए केस बंद कर दिया है। सीजेआई ने कहा कि इस केस को हम बंद कर रहे हैं, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक एज के दौर में न्यायधीशों और वकीलों को उचित कमेंट करना चाहिए और अपने व्यवहार को इस दौर के मुताबिक ढालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान जज ऐसे कमेंट से बचें, जो किसी समुदाय के खिलाफ हों या उसे नुकसान पहुंचाने वाला हो।*



## चिंतन

# पश्चिम एशिया में जंग की ज्वाला भड़कना खतरनाक

पश्चिम एशिया युद्ध की आग में झुलस रहा है, संयुक्त राष्ट्र मूकदर्शक बना हुआ है। इजराइल दो फ्रंट पर जंग कर रहा है। पहले फिलिस्तीन स्थित आतंकी गुट हमास ने इजराइल में हमला किया, जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने हमास के ठिकाने गाजा पर हमला किया। इजराइल ने हमास को खत्म करने के लिए गाजापट्टी पर भीषण हमले किए, वहां इजराइल की सेना हमास के साथ एक वर्ष से अधिक वक्त से जंग कर रही है, गाजा पट्टी के बर्बाद हो जाने के बाद भी हमास की न हार हुई है, न ही जंग खत्म हुई है। हमास को ईरान, लेबनानी इस्लामिक संगठन हिज़्बुल्लाह व हुती विद्रोहियों से मदद मिल रही है। इजराइल की हिज़्बुल्लाह से पुरानी अदावत है। वर्ष 2004 में हिज़्बुल्लाह ने इजराइली सैनिकों को अगवा कर लिया था, इसे इजराइल ने अपना अपमान माना था। लेबनान पर शासन कर रहे हिज़्बुल्लाह को सबक सिखाने के लिए इजराइल ने वर्ष 2006 में लेबनान पर हमला कर दिया था। इस युद्ध में हिज़्बुल्लाह ने अपनी सैन्य क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इजराइल को पहली बार हार का स्वाद चखाया था। इसके बाद से ही इजराइल हिज़्बुल्लाह को ईरान के बाद अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता है। अभी हमास के साथ जंग में हमास के पक्ष में हिज़्बुल्लाह के आने से इजराइल को अपना बदला चुकाने का मौका मिला। इजराइल ने पेजर व वॉकीटॉकी अटैक से हिज़्बुल्लाह को तगड़ा झटका दिया। लेबनान में 600 से अधिक लोग मारे गए। हजारों लोग घायल हुए। अब काउंटर अटैक में हिज़्बुल्लाह ने इजराइल में उसकी खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय में हमला किया है। इस हमले के बाद से पश्चिम एशिया में युद्ध के और तेज होने के आसार बढ़ रहे हैं। दुनिया रूस व यूक्रेन जंग का सामना पहले से कर रही है। इधर, इजराइल ने दो फ्रंट पर युद्ध छेड़ दिया है। यह युद्ध अगर लंबा खींचता है, तो देर-सबेर ईरान भी इसमें कूदेगा। इससे संघर्ष और तेज होगा। कतर भी हमास के पक्ष में खड़ा है। इजराइल की हमास व हिज़्बुल्लाह संग जंग का यहूदी बनाम इस्लाम संघर्ष में तब्दील होने का खतरा है। अमेरिका व यूरोप के कुछेक देश इजराइल के साथ हैं, इसके साथ ही वे इजराइल से फिलिस्तीन पर हमले बंद करने की अपील भी करते रहे हैं। इजराइल ने इस जंग को नाक का प्रश्न बना लिया है और अब लेबनान के साथ नया फ्रंट खोल दिया है। हालांकि इजराइल को समझना होगा कि लेबनान गाजापट्टी नहीं है और हिज़्बुल्लाह हमास नहीं है। अहम बात कि युद्ध किसी समस्या का समाधान भी नहीं है। शतरंज की चाल (कूटनीतिक प्रयास) अधिक कारगर है। अभी विश्व के ताकतवर देशों को चाहिए कि वे पश्चिम एशिया में धधक रही जंग की ज्वाला को तत्काल शांत करने का प्रयास करें। युद्ध जारी रहने से वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न व ऊर्जा समेत अन्य वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होगा। पश्चिम को भी एशिया में संघर्ष, जंग, तनाव आदि में अपने हथियार ट्रेड को नहीं देखना चाहिए। सबसे अधिक जरूरी है कि सबसे पहले युद्ध में शामिल देश, गुट समझें कि युद्ध हमेशा ही मानवता की हार ही है। दूसरे युद्ध को शह देने वाले भी उतने ही दोषी हैं और उन्हें यह कृत्य बंद करना चाहिए। तीसरा संयुक्त राष्ट्र को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए कि विश्व में शांति कैसे बनी रहे व अगर युद्ध की नौबत दिखे तो इसे कैसे तुरंत खत्म किया जाए। आतंकवाद के खिलाफ भी निर्णायक एक्शन की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा युद्ध छोड़ने व शांति अपनाने की पैरवी की है।



सियासत

उमेश चतुर्वेदी

# केजरीवाल के निशाने पर संघ क्यों

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के ताजपोशी के अगले ही दिन 'जनता की अदालत' में पहुंचे केजरीवाल ने सीधे-सीधे संघ प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछ लिए। लोकतांत्रिक भारतीय समाज किसी से भी तार्किक सवाल पूछने की अनुमति देता ही है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केजरीवाल के निशाने पर सचमुच मोहन भागवत ही हैं? इसका जवाब केजरीवाल के अतीत के ऐसे ही कुछ सवालों के जरिए तलाशा जा सकता है। अगर सत्ता नहीं मिलती तो राजनीतिक तौर पर जिंदा रहना जरूरी होता है। केजरीवाल को शायद लगता है कि संघ का नाम उनकी सत्ता की राह बरकरार रखने में मददगार हो या नहीं, राजनीति में उन्हें प्रासंगिक बनाए रखने की कड़ी जरूर है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सवालों के घेरे में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के ताजपोशी के अगले ही दिन 'जनता की अदालत' में पहुंचे केजरीवाल ने सीधे-सीधे संघ प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछ लिए। लोकतांत्रिक भारतीय समाज किसी से भी तार्किक सवाल पूछने की अनुमति देता ही है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केजरीवाल के निशाने पर सचमुच मोहन भागवत ही हैं? इसका जवाब केजरीवाल के अतीत के ऐसे ही कुछ सवालों के जरिए तलाशा जा सकता है।

बीते लोकसभा चुनाव अभियान के बीच केजरीवाल ने कुछ ऐसा ही सवाल जनता के बीच उछाला था। तब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। लगे हाथों उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी मोदी पर हमला बोला था। तब उन्होंने कहा था कि योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जाएगा। साफ है कि केजरीवाल के निशाने पर मोदी हैं। लेकिन अतीत के जितने चुनावों में उन्होंने सीधे मोदी पर हमला बोला, उन चुनावों में केजरीवाल को फायदे की बजाय उलटा नुकसान ही हुआ। 2014 के आम चुनावों में वे सीधे ही वाराणसी के चुनावी मैदान में मोदी से दो-दो हाथ करने उतर गए थे। तब मीडिया के एक वर्ग और राजनीति के एक हिस्से ने उन्हें खूब तवज्जो दी थी। लेकिन मोदी के सामने वे कहीं ठहर नहीं पाए थे। अपवाद दिल्ली विधानसभा के अतीत के दोनों चुनाव रहे, जिसमें उन्होंने सीधे मोदी को निशाना बनाया और लोगों का रिकॉर्ड समर्थन हासिल करते रहे। चूंकि कुछ ही महीने बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं।

इस बीच केजरीवाल अपनी आधी कैबिनेट के साथ जेल यात्रा कर आए हैं। उनके मंत्री रहे सत्येंद्र जैन अब भी जेल में ही हैं। मनीष सिसोदिया 14 महीनों के बाद जमानत पर जेल से बाहर हुए हैं। उनके तेज-तर्रार सांसद संजय सिंह भी जेल यात्रा कर चुके हैं। शराब नीति घोटाले में इतनी जेल यात्राओं के बाद केजरीवाल और उनकी पार्टी की वैसी छवि नहीं रही, जैसी 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में रही। दिल्ली के लोग सार्वजनिक सहूलियतों के लिए तरस रहे हैं। एमसीडी में केजरीवाल के नारे के साथ दिल्ली नगर निगम पर आम आदमी पार्टी का कब्जा हो चुका है। लेकिन एमसीडी की कार्यप्रणाली में गुणवत्तापूर्वक बदलाव होता नजर नहीं आ रहा है। राजधानी दिल्ली के लिए शर्म की ही बात कही जाएगी कि 48 लोग बारिश के पानी से तालाब बनी दिल्ली में डूबकर मर गए। इन घटनाओं के चलते केजरीवाल के पुराने जलवे की दीवार में दरार पड़ चुकी है। इसी दरार के साथ केजरीवाल को विधान सभा के चुनाव में उतरना है, इसलिए उन्होंने अपने आजमाए नुस्खे को एक बार फिर आजमाने का फैसला किया है। इसलिए मोदी पर वे हमलावर तो हैं, लेकिन सीधे हमले से बच रहे हैं। पहले योगी आदित्य और अब मोहन भागवत का बहाना, केजरीवाल की उसी रणनीति का हिस्सा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आमतौर पर ऐसे आरोपों और



सवालों की न तो सफाई देता है और न ही जवाब। इसलिए उम्मीद कम ही है कि केजरीवाल के आरोपों और सवालों का मोहन भागवत या संघ का कोई अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी जवाब देगा। केजरीवाल ने कहा है कि संघ का ही अंग भाजपा है। वह भाजपा विपक्षी दलों की सरकारों और नेताओं को साजिश के तहत जेल भेज रही है। केजरीवाल पूछ रहे हैं कि क्या मातृसंगठन होने के नाते बीजेपी के हर कामों में संघ की भी सहमति है। केजरीवाल ने संघ से यहां तक पूछा है कि क्या बेटा, मां से भी बड़ा हो गया है। केजरीवाल एक तरह से संघ और बीजेपी को एक-साथ जोड़कर बीजेपी को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि बीजेपी में संघ की विचारधारा में दीक्षित तमाम लोग तमाम स्तरों पर सक्रिय हैं। लेकिन संघ ने कभी नहीं स्वीकार किया है कि भाजपा उसका राजनीतिक अंग है। संघ उसे अपने आनुसंगिक संगठन के तौर पर भी स्वीकार नहीं करता।

वैसे यह भी सच है कि संकेतों में संघ आम चुनाव नतीजों के बाद भाजपा को संदेश देता रहा है। संगठन को मजबूत बनाने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की भावनाओं की कद्र करने को लेकर भी संघ बीजेपी को संकेतों में सुझाव दे चुका है। शायद एक यह भी वजह है कि केजरीवाल बीजेपी की बजाय संघ से ही सीधे सवाल पूछ रहे हैं? केजरीवाल को शायद लगता है कि संकेतों में ही सही, उनके प्रश्नों का जवाब संघ दे दे। केजरीवाल बेहद चतुर राजनेता हैं। उनके अगले कदम की थाह लगाना आसान नहीं है। लेकिन यह तय है कि अगर संघ ने कोई जवाब दिया तो उसे वह ले उड़ेंगे और बीजेपी को नीचा दिखाने के लिए उसकी अपने ढंग से व्याख्या जरूर करेंगे। अगर ऐसा हो गया तो तय मानिए, केजरीवाल अपनी अतीत की राजनीति के हिसाब से नया वितंडा खड़ा करेंगे और इसके बीच से नई चुनावी राह बनाने की कोशिश करेंगे। केजरीवाल एक और काम इन दिनों कर रहे हैं। वे जनता से पूछ रहे हैं कि वे ईमानदार हैं कि नहीं। चारा घोटाले के आरोपी और बाद में सजायाफ्ता रहे लालू प्रसाद यादव ने कभी जनता से नहीं पूछा कि वे ईमानदार हैं या नहीं। अलबत्ता उनका दल चुनाव जीतता रहा है। केजरीवाल को अगर इन सवालों के बावजूद जीत मिली तो वे खुद को ईमानदार घोषित करने में पीछे नहीं रहेंगे। हालांकि लालू यादव ने चुनाव जीतने के बावजूद कभी ऐसा दावा नहीं किया। इन अर्थों में देखें तो लालू और केजरीवाल में समानता नहीं है। हां, संघ पर हमले के संदर्भ में देखें तो लालू और केजरीवाल की रवायत एक जैसी दिखती है। केजरीवाल ने ऐसे ही हमले करते हुए अतीत में अपनी ताकत बढ़ाई है। पहले उन्होंने कांग्रेस और शीला दीक्षित पर हमला बोला।

शुरुआती दौर में उनका आंदोलन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ था। तब के सत्ताधारी गठबंधन का शायद ही कोई नेता होगा, जो तब केजरीवाल और उनकी टीम की नजर में भ्रष्टाचारी नहीं था। उनका नाम जपते-जपते केजरीवाल राजनीति के विशेष मुकाम तक पहुंच गए। लेकिन अब वे उन्हीं नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं, उनके साथ चुनावी मैदान में उतरने की जोड़-जुगत भिड़ाते रहे हैं। चूंकि अभी बीजेपी उनकी दुश्मन नंबर एक पार्टी है, लिहाजा बीजेपी को छोड़ तमाम बड़ी पार्टियों के साथ वे गठबंधन की राह या तो तलाशते हैं या फिर किसी खास इलाके या राज्य में गठबंधन बना भी लेते हैं। हालांकि लोकसभा चुनावों में उन्हें कोई विशेष सफलता नहीं मिल पाई है। आज की राजनीति का आखिरी लक्ष्य सत्ता रह गई है। अगर सत्ता नहीं मिलती तो लंबी राजनीति के लिए राजनीतिक तौर पर जिंदा रहना जरूरी होता है। केजरीवाल को शायद लगता है कि मोहन भागवत और संघ का नाम उनकी सत्ता की राह बरकरार रखने में मददगार हो या नहीं, राजनीति में उन्हें प्रासंगिक बनाए रखने की कड़ी जरूर है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मातृभाषा

विवेक शुक्ला




# मान की पंजाबी, मरियम की उर्दू

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पिछले सोमवार को अपनी कैबिनेट में पांच नए मंत्री शामिल किए। नए मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ पंजाबी में ली। यह सामान्य बात है। उधर, सरहद के पार के पंजाब में पिछली 24 फरवरी को मरियम नवाज ने पंजाब के मुख्यमंत्री की शपथ उर्दू में ली। दरअसल, पाकिस्तान के हिस्से वाला पंजाब धरती की जुबान पंजाबी से लगातार दूर हो रहा है। अगर हमारे यहां के पंजाब में चुनाव प्रचार पंजाबी में होता है, तो उधर आमतौर पर उर्दू में होता है। क्या आप यकीन करेंगे कि पाकिस्तान की पंजाब असेंबली में बहस उर्दू या इंग्लिश में ही हो सकती है? पंजाबी में बहस करना या सवाल करना निषेध है। मतलब धरती की भाषा को असेंबली में बोलने की मनाही है। आप अपनी मातृभाषा में शपथ भी नहीं ले सकते। ये मुमकिन है कि अपने घर में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री भले ही पंजाबी में बोलते हों। लेकिन, वे पंजाब अंसेबली में उर्दू से इतर किसी भाषा में नहीं बोलते। क्या हमारे पंजाब में कोई मुख्यमंत्री पंजाबी से दूरी बनाकर सियासत कर सकता है? असंभव। पंजाबी के हक में संघर्षरत लाहौर की पंजाबी प्रचार सभा के अध्यक्ष प्रो. तारिक जटाला इस सारी स्थिति के लिए उन्हें जिम्मेदार मानते हैं जो देश के बंटवारे के समय उत्तर प्रदेश या दिल्ली से पाकिस्तान शिफ्ट कर गए थे। वे कहते हैं कि पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की सलाह पर मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान की राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित करवा दी। उसके चलते ईस्ट पाकिस्तान आगे चलकर बांग्लादेश बना और पंजाब में पंजाबी अछूत होने लगी। लियाकत अली खान खासमखास थे जिन्ना के । वे करनाल के करीब कुंजपुरा के नवाब खानदान से थे। उनकी मुजफ्फरनगर में भी अकूत संपत्ति थी। उन्होंने जिन्ना को समझाया कि पाकिस्तान के लिए उर्दू को राष्ट्र भाषा के रूप में घोषित करना सबसे उपयुक्त रहेगा। उन्होंने शायद यह सलाह इसलिए दी होगी क्योंकि पाकिस्तान के लिए चले आंदोलन में यूपी वाले सबसे आगे थे। जिन्ना ने लियाकत अली खान की सलाह को बिना-समझे मान लिया। यानी पाकिस्तान के छोटे से उर्दू बोलने वाले समूह की जुबान को राष्ट्रभाषा का बेशर्मी से दर्जा दे दिया गया। हालांकि उर्दू पाकिस्तान के किसी भी प्रांत की भाषा नहीं थी। उर्दू को पाकिस्तान की मातृभाषा बनाए जाने के कारण लियाकत अली खान देश के स्थाय़ी रूप से खलनायक बन गए। उनकी 1951 में रावलपिंडी में हत्या कर दी गई थी। हत्या का कारण कभी साफ नहीं हुआ। पंजाबी के अपमान और अनदेखी से नाराज सैकड़ों पंजाबी भाषी पाकिस्तानी धीरे-धीरे सड़कों उतर रहे हैं। जाहिर है, ये अपनी मांबोली के साथ हो रहे अन्याय से दुखी हैं। पर अपने को सच्चा पाकिस्तानी बताने की फिराक में अधिकतर पंजाबी अपनी मातृभाषा को छोड़ रहे हैं। नई पीढ़ी तो पंजाबी से लगभग किनारा कर चुकी है। क्या वे अपनी मां को बदल सकते हैं? मातृभाषा भी मां जैसी ही होती है। इसे बदला नहीं जा सकता। मातृभाषा तो विरासत में मिलती है। ये पवित्र है। पंजाबी के कवि रेहान चौधरी कहते हैं कि हम पंजाबी के हक में इसलिए लड़ रहे हैं, क्योंकि हमारी पंजाबी के रूप में पहचान हमारे पाकिस्तानी और मुस्लिम पहचान से कहीं अधिक पुरानी है। हम हजारों सालों से पंजाबी है। पाकिस्तानी तो हम 75 सालों से हैं और मुसलमान 200 सालों से भी कम समय से। इसलिए हमें पंजाबी के हक में लड़ना है। भारत के पंजाब में तो पंजाबी को उसका वाजिब का हक मिल रहा है। हमारे पंजाब में सरकारी दफ्तरों से लेकर स्कूलों और कॉलेजों में पंजाबी का हर स्तर पर प्रयोग होता है। पर पाकिस्तान के स्कूलों-कालेजों में इसकी पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं है। यह सब कुछ हो रहा है सरकार की उर्दू परस्त नीति के कारण। पाकिस्तान में इस्लामिक कट्टरपंथी सोच को खाद-पानी देने वाले इस्लाम को उर्दू के साथ जोड़कर बताने लगे। क्या किसी धर्म का किसी भाषा से संबंध हो सकता है? कम से कम इस्लाम और उर्दू का तो कोई सीधा संबंध नहीं है। इस्लाम के धर्मावलंबी सारे संसार में अलग-अलग भाषाएं बोलते-समझते हैं। कुरान यह शर्त नहीं रखती कि अरबी को सीखना अनिवार्य है। अगर यह होता तो इस्लाम सारे संसार में नहीं फैलता। पर पंजाब प्रांत के बहुत से कठमुल्ला अवाम को यह समझाने में सफल रहे कि पंजाबी बोलने से उनका इस्लाम खतरे में आ जाएगा, क्योंकि पंजाबी को हिन्दू, सिख, ईसाई भी बोलते हैं। इस तरह का मिथ्या प्रचार करने वाले यह भूल गए कि अरबी भाषा को अरब तथा उत्तर अफ्रीका के मुसलमान, ईसाई और यहूदी सब बोलते हैं। यकीन मानिए कि पंजाबी बनाम उर्दू का अगर कोई सौहार्दपूर्ण तरीके से हल नहीं खोजा गया तो पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा भाषाई विवाद की आग में स्वाहा होने लगेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जब मन अशांत हो, अपने इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित

दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सुप्रीम कोर्ट का सराहनीय फैसला**

मद्रास हाईकोर्ट ने माना था कि बच्चों की अश्लीलता भरी फिल्मों को देखना और डाउनलोड करना कोई अपराध नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि पोक्सो एक्ट और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के अनुसार यह मामला अपराध के दायरे में नहीं आता, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के लिए फैसला सुनाया है कि बच्चों की अश्लीलता भरी फिल्मों को देखना और डाउनलोड करना अपराध होगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी ने कहा कि पोक्सो और आईटी कानून के अनुसार यह अपराध होगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सराहनीय है। कोई भी व्यक्ति वो चाहे किसी भी उम्र का क्यों न हो, वो जैसा मोबाइल पर या अन्य जगह देखता है, सुनता है, उसका दिमाग भी वैसा ही बन जाता है और वो वैसी ही हरकतें करता है। अगर हम अच्छा देखेंगे, सुनेंगे, तो हमारा दिल-दिमाग भी अच्छा सोचेगा। - *संतोष परिहार, धमतरी*

### ट्रेंड

**आत्मनिर्भर भारत**



मेक इन इंडिया के इन दस सालों में आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के साथ, हमारा देश विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी और निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिससे हमारे युवाओं के लिए अवसरों की दुनिया तैयार हो रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

**चौ. देवीलाल को श्रद्धांजलि**



चौ. देवीलाल का जन्म-दिन ऐसे समय पर आया है कि जब हरियाणा में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और यह चुनाव बीएसपी व इनेलो मिलकर लड़ रहे हैं। यदि गठबंधन का बेहतर रिजल्ट आ जाता है तो फिर यही इनके जन्मदिन पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

**गर्व से दिखाती हूं पदक**



पेरिस 2024 ओलंपिक में मेरे द्वारा जीते गए दो कांस्य पदक भारत के हैं। जब भी मुझे किसी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता है और ये पदक दिखाने के लिए कहा जाता है, तो मैं इसे गर्व के साथ दिखाती हूं। यह मेरी खूबसूरत यात्रा को साझा करने का मेरा तरीका है।

-मनु भाकर, निशानेबाज

**भावनाओं का रोलर कोस्टर**



मेरे गाने की कोरियोग्राफी सीखना भावनाओं का एक रोलर कोस्टर था! हर कदम ऐसा महसूस हुआ मानो मेरी कहानी का एक अंश जीवंत हो रहा हो।

-जैकलीन फर्नांडीज, अभिनेत्री

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# बाइडन को भारत से साझेदारी पर सबसे ज्यादा गर्व होगा

व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध 'मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं।' उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से एक सम्मेलन में पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा, 'मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत'। उन्होंने 'पीटीआई' से कहा कि बाइडन ने 'भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश' किया है। वह ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और अमेरिका के क्वाड समूह को शासन प्रमुख के स्तर तक लेकर गए और पिछले साल जून में एक आधिकारिक यात्रा के लिए मोदी की मेजबानी की। किर्बी ने कहा, 'हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्चतम स्तर तक बढ़ाया है। हम विभिन्न प्रणालियों पर रक्षा संबंध बना रहे हैं जो न केवल भारतीय लोगों को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत में लोगों को सुरक्षित बनाएगा।'



## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।



# मुझे मिडिल क्लास के रोल में किया कास्ट



**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी बॉलीवुड के सेल्फ मेड अभिनेताओं में से एक हैं। उन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर एक शानदार अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हाल ही में, उन्हें '70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' स्पेशल मेंशन से सम्मानित किया गया। मनोज ने अपने फिल्मी सफर को लेकर खुलकर बात की है और बताया है वह भी स्टीरियोटाइपिंग के शिकार हुए थे। अभिनेता ने बताया कि उन्हें मिडिल क्लास या किसी गरीब का रोल ही ऑफर किया जाता है। उन्होंने एक साक्षात्कार में इस बात पर अफसोस जताया कि उन्हें मिडिल क्लास या किसी गरीब की कहानियों के किरदारों में कास्ट किया जाता है और कभी भी अमीर व्यक्ति के किरदार में नहीं दिखाया जाता। 'गुलमोहर से पहले एकमात्र फिल्म, जिसमें मैंने एक अमीर आदमी की भूमिका निभाई थी, वह थी जुबैदा। यह श्याम बेनेगल का विश्वास था। वीर-जारा में मैंने पाकिस्तान के एक राजनेता की भूमिका निभाई।

# बेटी संग पेरिस फैशन वीक से लौटीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय कई इंटरनेशनल फिल्म और फैशन इवेंट्स में शामिल होती रहती हैं। पैरिस फैशन वीक से भी उनकी कई तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वे हॉलीवुड सितारों से बात करती नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या अब पैरिस फैशन वीक में शामिल होकर मुंबई वापस आ गई हैं। वह एयरपोर्ट पर अपनी ट्रैवल पार्टनर और बेटी आराध्या बच्चन के साथ दिखीं। ऐश्वर्या अपनी ट्रैवल पार्टनर आराध्या बच्चन के साथ पैरिस फैशन वीक में पहुंची थीं। वापसी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर भी वह अपनी बेटी आराध्या के साथ बाहर आती दिखाई दीं। ऐश्वर्या राय बच्चन और आराध्या बच्चन एयरपोर्ट से निकलते हुए काफी खुश दिख रही थीं। दोनों ने काले कपड़े पहने हुए थे। आराध्या ने पांडा स्वेटशर्ट पहना था। साथ में सफेद जूते पहने थे। वहीं, ऐश्वर्या काले सूट के साथ काले जूते पहने हुए थीं। लुक को और अच्छा करने के लिए उन्होंने ब्लैक हैंड बैक भी कैरी किया था। पेरिस फैशन वीक में ऐश्वर्या राय बच्चन रेड कलर बैलून हेम ड्रेस पहनीं थी। इस ड्रेस के लिए प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। इस लुक को देखकर ऐश्वर्या के प्रशंसकों को उनका मिस वर्ल्ड का पुराना अवतार याद आ गया। कुछ प्रशंसकों की ओर से ऐश्वर्या को ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा। इससे पहले ऐश्वर्या और आराध्या दुबई के अवॉर्ड शो SIIMA 2024 में नजर आईं थीं। ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस अवॉर्ड शो में मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। अवॉर्ड फंक्शन के दौरान भी आराध्या काफी चर्चा में रही थीं।



# 'भूल भुलैया 3' दीपावली पर होगी रिलीज

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है। बुधवार को कार्तिक ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है। इसके साथ रिलीज की पुष्टि भी कर दी गई है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में एक बंद दरवाजा नजर आ रहा है, जिस पर ताला लटका है। इस पर रुद्राक्ष माला और कलावा बंधा है। पोस्टर के साथ कार्तिक ने कैप्शन लिखा है, 'दरवाजा खुलेगा इस दिवाली'। बता दें कि इस फिल्म के साथ विद्या बालन भी इस चर्चित फ्रेंचाइजी की तीसरी कड़ी में वापसी कर रही हैं। फिल्म 'भूल भुलैया' में विद्या बालन मंजुलिका बनी नजर आई थीं। हालांकि, दूसरे पार्ट में विद्या नजर नहीं आईं और अब तीसरी किस्त में अभिनेत्री की एंट्री हो गई है।




# सिटाडेल की स्क्रीनिंग में प्रियंका सामंथा ने लगाए चार चांद ...




**नई दिल्ली।** सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन जल्द ही सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' में नजर आएंगे। यह सीरीज प्रियंका चोपड़ा की सीरीज 'सिटाडेल' का भारतीय वर्जन है। लंदन में इसकी स्क्रीनिंग हुई। इस दौरान प्रियंका चोपड़ा भी शिरकत करने पहुंचीं। ऑरेंज कलर के आउटफिट में वे बेहद खूबसूरत नजर आईं। सीरीज की स्टार सामंथा रुथ का स्टाइल भी देखने वाला रहा। हालांकि, स्क्रीनिंग में वरुण धवन नजर नहीं आए। यह सीरीज 7 नवंबर 2024 से प्राइम वीडियो पर आएगी। सिटाडेल की स्क्रीनिंग में शामिल होने की जानकारी सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करके दी है। उन्होंने लिखा है, 'हैलो लंदन'। इसके अलावा उन्होंने एक स्टोरी और साझा की है, जिसमें वे वरुण धवन को इवेंट में मिस करती नजर आ रही हैं। सामंथा ने लिखा है, 'हमें अपने मुख्य किरदार की यहां बहुत कमी खल रही है'। सामंथा ब्लू कलर के गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इधर वरुण धवन ने भी सिटाडेल की स्क्रीनिंग में शामिल न हो पाने का अफसोस जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर दिल की बात लिखी है। हालांकि, वे किस वजह से लंदन नहीं पहुंच पाए हैं, इसका जिक्र नहीं किया है।

# 'सारा जमाना' गाने की शूटिंग के समय लगे थे बिजली के झटके...



**नई दिल्ली।** दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन उम्र के इस पड़ाव पर भी काफी सक्रिय हैं। अभिनेता इन दिनों 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16' में नजर आ रहे हैं। वह अपनी होस्टिंग और दिल छू लेने वाली कहानियों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन भी कर रहे हैं। अब शो के हालिया एपिसोड में बिग बी ने एक ऐसे किस्से का खुलासा किया, जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया। अभिनेता ने बताया कि 'सारा जमाना' गाने की शूटिंग के समय उन्हें बिजली के झटके लगे थे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के हालिया एपिसोड में हॉट सीट पर मध्य प्रदेश के प्रतियोगी स्वप्न चतुर्वेदी विराजमान नजर आए। कंटेस्टेंट स्वप्न ने बताया कि 'याराना' उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। अमिताभ बच्चन ने कहा- 'सारा जमाना' को स्टेडियम में शूट करने का आइडिया भी उन्हीं का था। अभिनेता ने बताया, 'उस समय तकनीक इतनी एडवांस नहीं थी। जैकेट में लगी लाइट्स को एक तार से मेन स्विच बोर्ड में प्लग किया गया था। जैसे ही प्लग ऑन होता था मैं डांस करने लग जाता था। इसलिए नहीं क्योंकि मैं डांस करना चाहता था, बल्कि इसलिए क्योंकि मुझे बिजली के झटके लग रहे थे।'

# जिंदगी का कंट्रोल एआई को सौंपती दिखीं



**नई दिल्ली।** बीते दिनों अनन्या पांडे 'कॉल मी बे' सीरीज में नजर आईं। अब उनकी अगली फिल्म रिलीज को तैयार है। अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'कंट्रोल' है और बुधवार को इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म अगले महीने ओटीटी पर रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत में स्क्रीन पर कंट्रोल एप को टाइप करते दिखाया गया है। इसके साथ निर्देश दिए गए हैं, 'अपने जीवन को कंट्रोल करें, अकाउंट बनाएं'। अनन्या पांडे इस एप पर जाती हैं तो एआई पूछता है, 'क्या आप जानता हैं कि मैं आपकी सेवा में क्या कुछ कर सकता हूं?' अनन्या पांडे अपनी जिंदगी के किसी बुरे दौर में हैं और रोते हुए कहती हैं, 'मेरे जीवन का कंट्रोल ले लो'। इसके बाद अनन्या की एआई वर्जन नेला एकदम हंसते-मुस्कुराते और नाचते हुए हाजिर होती है। इसके बाद जो होता है, काफी दिलचस्प और हैरान करने वाला है।




## एक ही फ्रेम में नजर आए 'हाउसफुल 5' के सितारे



**नई दिल्ली।** कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' के लिए सभी स्टार कास्ट शूटिंग के लिए एक साथ हैं। चंकी पांडे भी फिल्म की शूटिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से खूबसूरत नजारों की तस्वीर प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया के जरिए शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने 'हाउसफुल 5' की स्टार कास्ट की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं।

इस फोटो को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। फोटो में रितेश देशमुख, अक्षय कुमार, चंकी पांडे, जैकलीन फर्नांडिस और अभिषेक बच्चन नजर आ रहे हैं। सूरज के रोशनी में सभी सितारे एक मेज के चारों तरफ बैठे हुए हैं। सभी सितारे साथ बैठकर काफी खुश लग रहे हैं। इसके अलावा चंकी पांडे ने अलग-अलग जगहों की भी फोटो शेयर की है। इस पोस्ट पर चंकी पांडे ने लिखा, 'द टेबल इज फुल'।

ज्यादातर प्रशंसकों ने चंकी पांडे के 'मा ममीया' डायलॉग किया है। यूजर ने कमेंट किया, 'मा ममिया वापस आ गया है'। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'हाउसफुल के बाद टेबल फुल'। एक और यूजर ने कमेंट किया आप सभी अच्छे लग रहे हैं। कुछ फैंस ने इस फोटो पर हाउसफुल 5 में अच्छी कॉमेडी होने की आशा जताई है।



## जैकेट के शेष

### मिलावट का खेल पुराना...

किया जा रहा है। इसके स्थान पर ऐसे प्रसाद को शामिल किया गया है, जिसके निर्माण में घी की आवश्यकता नहीं होती हो। पंचमेवा, मिश्री, नारियल, फल जैसे प्रसाद भक्तों को दिए जा रहे हैं, ताकि शुद्धता पूरी तरह से बनी रहे।

**दंतेश्वरी मंदिर, रायपुर :** नहीं बांटते घी से बने प्रसाद, ज्योति भी नहीं : महामाया मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में भी मात्र तेल के ज्योति कलश ही प्रज्ज्वलित किए जा रहे हैं। दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी यशवंत सिंह ने बताया कि बीते पांच वर्षों से शुद्धता को ध्यान में रखते हुए मात्र तेल की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जा रही है। प्रसाद के रूप में सिर्फ पंचमेवा और मिश्री अथवा फल देते हैं। निजी कंपनियों द्वारा घी में की जा रही मिलावट को देखते हुए शासन ने कहा है कि सरकारी कंपनी देवभोग द्वारा निर्मित घी का प्रयोग किया जाए ताकि मिलावट से बचा जा सके और लोगों की आस्था से खिलवाड़ ना हो।

### निजी कंपनी को जगह...

तहसीलदार तथा टेम्पल कमेटी के सचिव रूपेश मरकाम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सोशल मीडिया ग्रुप में यह चल रहा है कि देवभोग का घी नवरात्र पर मंदिरों के ज्योत में उपयोग किया जाएगा। अभी तक इस संबंध में किसी तरह का आदेश नहीं मिला है। जैसा आदेश शासन से मिलेगा उसका परिपालन करते हुए उसी घी का उपयोग किया जाएगा। घी में शुद्धता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक नवरात्र पर नोवा घी का उपयोग किया जाता रहा है।

### आज आएंगे भाजपा प्रमुख ....

प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। यहां सदस्यता अभियान की समीक्षा करने प्रमुख पदाधिकारियों सहित प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों व सदस्यता टोली की बैठक लेंगे। वे देर रात नई दिल्ली रवाना होंगे।

### कड़ी शर्तों के बीच सौम्या ...

आदेश तक चौरसिया को सेवा में बहाल नहीं किया जाए। पीठ ने चौरसिया को निर्देश दिया कि जब भी जरूरत हो, वह अधीनस्थ अदालत में पेश हों और गवाहों को प्रभावित न करें। पीठ चौरसिया की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उच्च न्यायालय के 28 अगस्त के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने चौरसिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा, चूंकि चौरसिया की याचिका पर सुनवाई में कुछ समय लगेगा, इसलिए वह उन्हें अंतरिम जमानत दे रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अदालत में पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने जमानत का विरोध किया और कहा कि चौरसिया बहुत प्रभावशाली नौकरशाह हैं तथा उन्हें रिहा करने से मुकदमे पर असर पड़ेगा।(कोर्ट ने पूछा- कब तक हिरासत में रख सकते हैं: पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू से पूछा कि ईडी किसी आरोपी को कितने समय तक हिरासत में रख सकती है, खासकर जब अपराध के लिए अधिकतम सजा सात साल है। एक साल और नौ महीने तक भी आरोप तय नहीं हुए हैं। चौरसिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि मामले में सभी सह-आरोपियों को जमानत मिल गई है और इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि मामले में सुनवाई कब शुरू होगी।

### चित्रकोट और दूढमारस होंगे ....

जाएगा। दूढमारस गांव को एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए चुना गया है, जबकि चित्रकोट को सामुदायिक आधारित पर्यटन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिलेगा। यह सम्मान 27 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित विश्व पर्यटन दिवस समारोह में प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के विजन पर आधारित छत्तीसगढ़ का पर्यटन विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि पर्यटन भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण का भी एक प्रभावी साधन है। उनका दृष्टिकोण है कि पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थायी और समावेशी पर्यटन का विकास किया जाए, जिससे देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिले। इस दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने भी ठोस कदम उठाए हैं। राज्य ने अपनी वन संपदा,जनजातीय परंपराओं, और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए इन क्षेत्रों में पर्यटन का विकास किया है। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधता को पर्यटन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**चित्रकोट और दूढमारस की धरोहर:** छत्तीसगढ़ के ये दोनों गांव, दूढमारस और चित्रकोट, राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक संपदा के प्रतीक हैं। चित्रकोट का प्रसिद्ध जलप्रपात,जिसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है, पर्यटकों के लिए एक अद्वितीय आकर्षण है। वहीं, दूढमारस गांव अपने एडवेंचर टूरिज्म के लिए प्रसिद्ध है, जहां पर्यटक रोमांचक गतिविधियों का अनुभव कर सकते हैं। इन दोनों गांवों का सम्मानित होना राज्य के पर्यटन क्षेत्र के लिए एक विशेष उपलब्धि है। यह न केवल छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं की पहचान को मजबूत करता है, बल्कि राज्य के पर्यावरणीय पर्यटन को भी नए आयाम देता है।

### सीएम विष्णुदेव साय का पर्यटन...

रतनपुर का महामाया मंदिर, डोंगरगढ़ का बम्लेश्वरी मंदिर और दंतेवाड़ा का दंतेश्वरी मंदिर—का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा, प्रदेश में इको टूरिज्म और मेडिकल टूरिज्म मैं भी राज्य सरकार का विशेष फ़ोकस है।

## पेज एक के शेष

### दिल्ली को अपना दर्द दिखाकर लौटे...

उन्होंने शांति स्थापित करने का भरोसा दिलाया है। रूबरू में पीड़ितों ने बताया कि राष्ट्रपति और केंद्रीय गृहमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाकर आए हैं। बस्तर की वास्तविक स्थिति की जानकारी उन्हें दी है। इसके अलावा पीड़ित बस्तरवासी जेनएयू और दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैम्पस भी पहुंचे। जहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और नक्सलियों के साथ उनके शहरी समर्थकों को भी ललकारा। पीड़ितों ने बताया कि दिल्ली पहुंचने के बाद सबसे पहले 19 सितंबर को जंतर-मंतर में मौन विरोध प्रदर्शन करते हुए बस्तर में शांति स्थापित करने की मांग की। जंतर मंतर से निकलने के बाद पूरे प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उनके साथ नाश्ता किया और उन्हें अपनी व्यथा सुनाई।

### हाईकोर्ट ने कहा-संदेह सबूत की...

हरीश साहू के साथ ही जयपाल उर्फ पालू कौशिक, विजय गंधर्व, सियाराम सैय्याम, विकास साहू और पवन निर्मलकर को दोषी माना था। फरवरी 2021 में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बेमेतरा के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की गई थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांच आरोपियों की सजा को बरकरार रखते हुए, पवन निर्मलकर को बरी कर दिया, यह देखते हुए कि उनके खिलाफ सबूत अपर्याप्त थे।

### रेत तस्करों का वन विकास निगम...

किया है। बीते रविवार को वन विकास निगम को सूचना मिली थी कि कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम डालामौहा की नदी से रेत का अवैध खनन काफी समय से किया जा रहा है। सूचना पर निगम के डिप्टी रेंजर गणेश चंद्रवंशी एवं अनिल कुमार कुर्रे अपने स्टाफ के दो अन्य कर्मियों और चौकीदार को साथ लेकर मोटर सायकल से डालामौहा स्थित नदी में पहुंचे, जहां दर्जन भर से अधिक लोग नदी से रेत निकाल रहे थे। जैसे ही इन तस्करों की नजर वनकर्मियों पर पड़ी उन्होंने वनकर्मियों व अधिकारियों पर हमला बोल दिया। ग्राम कामठी में तस्करों की भीड़ ने वनकर्मियों को घेरकर उन पर लाठी डंडा से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया।

### जांच के लिए बुलाई...

आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। अब पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन घटना के तीन दिन के बाद कोई भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि घटना की सूक्ष्म जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई है।

### किसी हिस्से को नहीं कह...

21 सितंबर को खुली अदालत में सुनवाई के दौरान अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांग ली थी। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि चूंकि न्यायमूर्ति श्रीशानंद उसके समक्ष कार्यवाही में कोई पक्षकार नहीं थे तो हम किसी लैंगिकता या समुदाय के किसी वर्ग के संदर्भ में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करने के अलावा कोई टिप्पणी करने से परहेज करते हैं।

**कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था :** शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को 'पाकिस्तान' कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की कथित विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे। पीठ ने कहा, कार्यवाही के दौरान आकस्मिक टिप्पणियां कुछ हद तक व्यक्तिगत पूर्वाग्रह को प्रतिबिंबित कर सकती हैं, खासकर जब उन्हें लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ माना जाए। न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। जिन्हें स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण या समाज के किसी भी वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त माना जाए।

# जम्मू कश्मीर को केंद्रशासित बना कर संपूर्ण राज्य का हक छीना गया, कांग्रेस बहाल करेगी : राहुल

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।

लोकसभा में नेता विपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर यहां के लोगों के साथ अन्याय किया गया है। जम्मू-कश्मीर का लोकतांत्रिक हक छीना गया है।जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करवाने के लिए कांग्रेस संसद में आवाज उठाएगी और सड़कों पर उतरेगी। जम्मू में आयोजित विशाल चुनावी सभा में केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, आज जम्मू-कश्मीर को जम्मू-कश्मीर के लोग नहीं चलाते हैं। हिंदुस्तान के इतिहास में बहुत सारे केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य बनाया गया। लेकिन पहली बार किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ अन्याय है। ऐसा



कभी नहीं होना चाहिए। हमने सोचा था कि चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस मिल जाएगा। सही तरीका वही था, लेकिन पहले चुनाव करा दिया गया। अब कांग्रेस चाहती है कि जल्द से जल्द आपको लोकतांत्रिक हक मिल जाए। मोदी सरकार पर अरबपतियों के साथ सांठगांठ का आरोप लगते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, आज देश के हर

### जीएसटी से छोटे और मध्यम उद्योगों पर हमला

राहुल गांधी ने कहा, आज देश की सरकार अडानी और अंबानी जैसे अरबपतियों के लिए चलती है। जीएसटी एक हथियार है, जिससे जम्मू-कश्मीर के छोटे और मध्यम उद्योगों पर हमला किया गया। सच्चाई यही है कि नोटबंदी और गलत जीएसटी ने हिंदुस्तान के लाखों व्यापार खत्म कर दिए। कांग्रेस नेता ने कहा, मेरे एक दूसरे कार्यक्रम में एक लड़की ने बताया कि व्यापार करना उसका सपना था। सरकार ने अनुदान देने की बात कही, लेकिन कोई मदद नहीं मिल पाई। उसकी मां की मृत्यु के बाद, उसके पिता ने मदद की, लेकिन व्यापार बंद हो गया। अब वो लड़की प्रशासन में जाना चाहती है, लेकिन सवाल है कि देश में कितने लोग प्रशासन में जाएंगे और फिर बाकियों का क्या होगा। नरेंद्र मोदी मेक इन इंडिया की बात करते हैं, लेकिन सभी के सभी कॉन्ट्रैक्ट अडानी को मिल जाते हैं।

### हथियार इजराइली कंपनी का लेबल अडानी का

राहुल गांधी ने आगे कहा, हथियार और ड्रोन इजराइल की कंपनी बनाती है, लेकिन उस पर लेबल अडानी का लगाकर उसे मेक इन इंडिया कहा जाता है। ये मेक इन इंडिया नहीं, बल्कि मेक बाय अडानी है। मोदी सरकार ने अडानी-अंबानी जैसे लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। लेकिन जम्मू-कश्मीर के किसानों, छोटे व्यापारियों, शिक्षा ऋण लेने वाले युवाओं, अस्पताल में इलाज करवा रहे गरीबों का एक रुपया भी माफ नहीं किया। लोग जब बैंक ऋण लेकर पैसा वापस नहीं करते, तो उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। वहीं अडानी-अंबानी को और कर्ज दे दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट के मालिक ने केंद्रीय वित्त मंत्री के सामने खड़े होकर जीएसटी की कमियां बताईं थीं। उन्होंने कहा कि जीएसटी एक बड़ी मुसीबत है। बन ब्रेड बेचने पर एक जीएसटी लगती है। बन-क्रीम साथ में बेचने पर दूसरी जीएसटी लगती है। बन और क्रीम अलग बेचने पर तीसरी जीएसटी लगती है। ऐसी मुश्किल जीएसटी व्यापारियों से वसूली करने के लिए बनाई गई है। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने जनता से कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की।

## नेतन्याहू संयुक्त राष्ट्र को करेंगे संबोधित

**यरुशलम।** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नयी शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश अलग-थलग पड़ रहा है तथा उसका नेतृत्व एक कट्टर विचारधारा को समर्पित नेता कर रहा है, जिसके संघर्ष से निपटने के तौर-तरीकों को लेकर न सिर्फ दुनिया के अन्य देशों बल्कि उसके अपने देश में भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इजराइल सिर्फ क्षेत्रीय संघर्षों की वजह से ही प्रभावित नहीं है। नेतन्याहू जब न्यूयॉर्क की यात्रा पर होंगे तो उन पर इस बात की आशंका का सामना करना पड़ेगा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी हो सकता है।

# चीन संग पूरी 3,500 किमी. सीमा विवादित वहां शांति से ही आगे बढ़ेंगे संबंध

### न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी और द एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में अपने उद्घाटन भाषण में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में करीब साढ़े चार साल से अधिक समय से जारी एलएसी विवाद के बीच पिछले मंगलवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों की साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी सीमा विवादित है। ऐसे में सीमा पर शांति से ही द्विपक्षीय संबंधों के बाकी पहलू आगे बढ़ सकते हैं। भारत और चीन के संबंध पूरी दुनिया के भविष्य को प्रभावित करेंगे। लेकिन भारत का उदय और विश्व में उसकी भूमिका पर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा। न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी और द एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा 'इंडिया, एशिया एंड द वर्ल्ड' थीम पर आयोजित एक कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने संस्थान के उपाध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा-कूटनीति) डेनी रसल से बातचीत में भी कई प्रश्नों के बेबाकी के साथ जवाब दिए। ज्ञात हो कि विदेश मंत्री ने भारत और चीन के बीच जिस 3,500 किलोमीटर लंबी एलएसी पर विवाद होने की बात कही है। उसे कुछ प्रमुख सेक्टरों के नाम से जाता है।



### एलएसी पर गश्त की चुनौती बरकरार

विदेश मंत्री ने एलएसी विवाद पर कहा कि जब मैं कहता हूं कि इससे जुड़ी 75 फीसदी समस्या खत्म हो गई है। तो मैं इसे आंकड़ों में सेनाओं के आक्रामक मुद्रा से पीछे हटने के रूप में देखता हूं। लेकिन यह समस्या का एक हिस्सा मात्र है। आज मुख्य मुद्दा गश्त का है। आप जानते हैं कि कैसे हम दोनों एलएसी पर गश्त करते हैं। इसे लेकर समस्याएं 2020 के बाद आई हैं। इसके बाद भी हमने कई जगहों पर तनाव घटाया है। लेकिन कई अन्य गश्त बिंदुओं का हल निकाला जाना जरूरी है। एलएसी पर बड़ी तादाद में मौजूद सैन्य टुकड़ियों की समस्या भी दोनों के सामने मौजूद है। ऐसे में सेनाओं की वापसी के बाद अगला कदम अपने संबंधों को बनाए रखने पर होगा।

### कोविड के समय चीन ने तोड़े समझौते

उन्होंने कहा, सीमा पर शांति-स्थिरता के लिए दोनों देशों के बीच समझौतों की श्रृंखला मौजूद है। लेकिन समस्या चीन द्वारा 2020 में कोविड के मध्य में एलएसी पर बड़ी तादाद में सैन्य जमावड़ा बढ़ाकर समझौतों का उल्लंघन के बाद खड़ी हुई।

## यूएन महासभा के सत्र से पहले जारी विदेश मंत्री की बैठकें, स्पेन, यमन के समकक्षों से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शनिवार को होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के एक महत्वपूर्ण सत्र से पहले विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर न्यूयॉर्क में लगातार दुनिया के कई देशों के विदेश मंत्रियों और संगठनों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कर रहे हैं। इसमें स्पेन, साइप्रस, बोलीविया, गुयाना, मोल्डोवा, ईयू के अध्यक्ष शामिल हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कुछ पोस्ट में एस.जयशंकर ने इन बैठकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूएनजीए सत्र से पहले हुई इन तमाम देशों और संगठनों के प्रमुखों के साथ हुई बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों जैसे यूक्रेन विवाद और पश्चिम एशिया में जारी संकट पर विचार-विमर्श किया गया। पूर्व में विदेश मंत्री की फ्रांस, पनामा और माल्टा के विदेश मंत्रियों के साथ बैठकें हुई थीं।

## झारखंड में सीएम साय का आह्वान बनाएं डबल इंजन सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरडेग/रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को झारखंड के कुरडेग में विशाल परिवर्तन यात्रा सभा को संबोधित किया। भारी बारिश के बीच सभा करने पहुंचे सीएम साय ने जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनाने का आग्रह किया। बारिश के बीच श्री साय को सुनने लोगों की भारी भीड़ जुटी। लोगों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री साय के भाषण को सुना और झारखंड में परिवर्तन की हुंकार भरी। श्री साय ने कहा कि बारिश के बीच अधिकाधिक संख्या में जनता की यह उपस्थिति बता रही है कि झारखंड में परिवर्तन की बेला है और यहाँ डबल इंजन की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि इतनी भारी बारिश के बाद भी भारी संख्या में आपका आना भाजपा के प्रति आपके अपार प्रेम और समर्थन को दर्शाता है, मैं आप सबके समर्पण को नमन करता हूं।



**छत्तीसगढ़ का किया जिक्र :** मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से काफी लाभ होता है। छत्तीसगढ़ में पांच साल के लिए कांग्रेस ने सत्ता संभाली तो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा मिला, लेकिन 9 महीने पहले आई भाजपा सरकार एक बार फिर प्रदेश में विकास कार्यों को गति दे रही है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**आमंत्रित निविदा का संशोधन/ शुद्धि पत्र सूचना**

क्र. 122/न.पा.नि./विज्ञापन शाखा/2024 बिलासपुर दिनांक 25.09.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम बिलासपुर सीमा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सड़कों में पीपीपी मोड पर यूनीपोल स्थापना एवं विज्ञापन प्रदर्शन तथा रखरखाव के कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/व्यक्तियों/एजेन्सियों से सीलबंद निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 115 दिनांक 04.09.2024 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है। जिसमें निविदा की नियम व शर्त की कंडिका क्रमांक 08 में लिपकीय त्रुटिवश एच1 की जगह एल1 अंकित हो गया है जिसे एच1 पढ़ा जावे एवं शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी तथा निविदा आमंत्रण तिथि में एक सप्ताह की वृद्धि की जाती है अब निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 27/09/2024 के स्थान पर दिनांक 04/10/2024 सायंकाल 5:00 बजे तक नगर पालिक निगम विकास भवन बिलासपुर में स्वीकार की जावेगी तथा प्राप्त सीलबंद निविदाएं दिनांक 27/09/2024 के स्थान पर दिनांक 04/10/2024 को सायंकाल 5:30 बजे विकास भवन कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25/09/2024 के स्थान पर दिनांक 01.10.2024 सायंकाल 5.00 बजे है, उक्त बाबत् में यह संशोधन/शुद्धि पत्र जारी किया जाता है। अन्य जानकारी वेब पोर्टल www.bilaspurnagarnigam.com से एवं नगर निगम विकास भवन तृतीय तल स्थित विज्ञापन शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

अपर आयुक्त
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2024/1494/164 भिलाई दिनांक 20/09/2024

**E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित उद्यानों से निकलने वाले कचरों का संग्रहण एवं निष्पादन हेतु कम्पोस्ट पिट, शेड, RWH निर्माण एवं अन्य आवश्यकसामग्री क्रय कार्य। | 158833 | 99.99 लाख | 11.10.2024 |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज आनलाईन जमा की जाये। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरे आनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने जवानों को दिया 'अभेद' सुरक्षा कवच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एलएसी विवाद और एलओसी से पाकिस्तान से लगातार बढ़ते आतंकवाद के खतरे के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर सेना के जवानों के लिए 'अभेद' (एडवांस्ड बैलिस्टिक फॉर हाई एनर्जी डिफिट) नामक एक हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट बनाई है। जो उन्हें 360 डिग्री सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। इनका न्यूनतम संभावित वजन बीआईएस स्तरों के लिए 8.2 से 9.5 किलोग्राम है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि यह जैकेट पॉलिमर और स्वदेशी बोरॉन कार्बाइड सिरेमिक सामग्री से बनाई गई है। इसका डिजाइन उच्च स्ट्रेन रेट पर आधारित है।


**कार्यालय नगर पंचायत फरसगांव जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**

क्रमांक/ 232/लो.नि.वि./ न.प.फ./ 2024-25 दिनांक 25/09/2024

**-: प्रथम मैनुअल निविदा सूचना :-**

नगर पंचायत फरसगांव की ओर से 15वें वित्त मद अन्तर्गत अधोलिखित कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत फर्म / व्यक्ति से निम्नानुसार स्पीड पोस्ट से त्रिलिफाफे में प्रथम मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड क्र. 01 में बालसिंह मंडावी घर से तापस विश्वास घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 8.02 | 03/10/2024 समय अपरान्ह 5:30 बजे तक। |
| 2 | पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 49.98 | |

टीप :- प्रत्येक कार्य का पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अथवा वेब पोर्टल http//uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ निकाय बकाया नहीं प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा इस के अभाव में निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत फरसगांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.)



**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

**शपथकर्ता :-** मंदा रामा स्वामी पिता श्री मंदा बुच्चैया जाति केंवट आयु 48 वर्ष निवासी सवेरनयापारा नान्दे तहसील बान्दें जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.


**शपथ-पत्र**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक निम्नकथन करती हूँ कि-

1. यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार हैं।
2. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक नाम मंदा रामा स्वामी पिता मंदा बुच्चैया दर्ज हैं।
3. यह कि मेरे सर्विस अभिलेखों में मेरा नाम मंदा रामा स्वामी निषाद पिता श्री मंदा बुच्चैया निषाद दर्ज किया गया है, तथा मैं अपने सर्विस अभिलेखों में (अपने उपनाम निषाद) को विलोपित करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि मैं अपने सर्विस अभिलेखों में अपना वास्तविक नाम मंदा रामा स्वामी पिता मंदा बुच्चैया दर्ज करवाना चाहता हूँ।
5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी तथ्य जानकारी सत्य एवं सही हैं।
6. यह कि उक्ताशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनॉक 25.09.2024


## शब्द पहेली - 5644



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5643 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5655

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5654 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |





अनेक वजहों से देश-दुनिया में करोड़ों लोग कई तरह की हार्ट डिजीज से ग्रस्त हैं और करोड़ों अन्य लोग उसके रिस्क जोन में हैं। ऐसे में हेल्दी हार्ट के लिए बहुत जरूरी है कि उसकी प्रॉपर केयर की जाए, कोई ऐसी एक्टिविटी ना की जाए, जिससे वो बीमार हो सकता है। साथ ही कोई भी लक्षण नजर आने पर डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें। यहां डिटेल में दे रहे हैं, हार्ट केयर से जुड़ी आपके लिए बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस।

# करें प्रॉपर केयर-ना बरतें लापरवाही
# आपका हार्ट रहेगा हेल्दी



डॉक्टर एडवाइस
डॉ. मनीष हिंदुजा
सीनियर कार्डियक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

वाशिंगटन स्थित द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के अनुसार हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर और कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) अनहेल्दी और तनावपूर्ण जीवनशैली का नतीजा है। इसलिए हाइपरटेंशन और सीएडी को नियंत्रित करने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल और डॉक्टर के परामर्श पर अमल कीजिए, तनाव के प्रबंधन का हुनर सीखिए, तभी आपका हार्ट हेल्दी रहेगा।

## क्या है हाइपरटेंशन

वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार धमनियों (आर्टिरीज) की आंतरिक दीवार पर जब रक्त संचार का प्रेशर 140/90 के पार पहुंच जाता है तो यह स्थिति हाइपरटेंशन कहलाती है। सामान्य रक्त चाप 120/80 होता है। यानी सिस्टोलिक या आसान भाषा में ऊपर का ब्लड प्रेशर 120 मिमी. एचजी. और डायस्टोलिक या नीचे का ब्लड प्रेशर 80 मिमी. एचजी. या इससे थोड़े कम को शुमार किया जाता है। हाइपर टेंशन के कई स्टेज होते हैं।

**स्टेज 1 हाई बीपी:** सिस्टोलिक बीपी 130 से 139 मिमी एचजी के बीच होता है और डायस्टोलिक 80 और 89 मिमी एचजी के मध्य होता है।

**स्टेज 2 हाई बीपी:** सिस्टोलिक बीपी 140 मिमी एचजी या अधिक होता है और डायस्टोलिक बीपी 90 मिमी एचजी या अधिक दर्ज किया जाता है।

**इमरजेंसी स्टेज:** 180/120 मिमी एचजी से अधिक रक्त चाप को मेडिकल इमरजेंसी माना जाता है। ऐसे मरीजों या उनके परिजनों को आपातकालीन चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। ऐसी स्थिति में मरीज को हार्ट अटैक और स्ट्रोक पड़ने का खतरा बढ़ जाता है।

## हाई बीपी के लक्षण



दिल की धड़कन का अचानक बढ़ जाना, बेचैनी महसूस होना, सांस तेजी से चलना और सांस लेने में तकलीफ, सीने में जकड़न या तकलीफ, सिर में भारीपन या फिर सिरदर्द, चक्कर आना, श्रम किए बगैर पसीना आना, जी मिचलाना आदि। हाइपरटेंशन के कारण

हाइपरटेंशन का मुख्य कारण अनहेल्दी डाइट और टेंशन है। अनहेल्दी डाइट के अंतर्गत जंक फूड्स और बाजार में उपलब्ध अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ शामिल हैं। नियमित रूप से व्यायाम ना करना, मोटापा और 7 से 8 घंटे की नींद ना लेने से उच्च रक्तचाप बढ़ने का जोखिम रहता है।

## हाइपरटेंशन मेडिकेशन

हाइपरटेंशन को नियंत्रित करने के लिए जो दवाएं दी जाती हैं, उन्हें एंटीहाइपरटेंसिव्स ड्रग्स कहा जाता है। डॉक्टर मरीजों की समस्या, उनकी उम्र, अन्य शारीरिक स्थितियों और जांचों जैसे लिपिड प्रोफाइल आदि के मद्देनजर हाइपरटेंशन को नियंत्रित करने वाली दवाएं प्रिसक्राइब करते हैं।

## क्या है कोरोनरी आर्टरी डिजीज

सीएडी (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) ऐसी मेडिकल स्थिति है, जिसमें हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार में वसा, कोलेस्ट्रॉल के रूप में संचित हो जाती है। इस स्थिति में कोरोनरी आर्टरी, संकरी या अवरुद्ध हो जाती है। नतीजतन, हृदय को रक्त की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती और इस स्थिति में हार्ट अटैक होने का खतरा बढ़ जाता है। सीएडी की रोकथाम के लिए उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करना आवश्यक है।



## डायबिटिक पेशेंट्स को ज्यादा रिस्क

वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार ब्लड शुगर के अनियंत्रित रहने से कालांतर में सीएडी होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में दोगुना बढ़ जाता है, जो इन समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं। इसलिए जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने ब्लड शुगर को डॉक्टर से परामर्श लेकर नियंत्रित रखना चाहिए।

## सीएडी की डायग्नोसिस

मरीज और उसके रोग की स्थिति के अनुसार हृदय रोग विशेषज्ञ कई टेस्ट करवाते हैं। इनमें प्रमुख हैं-ईसीजी, चेस्ट एक्स रे, इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ब्लड टेस्ट जैसे कार्डियक बायो मार्कर्स और एंजियोग्राफी आदि।

## सीएडी के लक्षण



सीने में दर्द होना, भारीपन या दबाव महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना, सहज रूप से सांस लेने में तकलीफ और थकान महसूस होना। कोरोनरी आर्टरी डिजीज के कारण कुछ लोगों को दिल का दौरा पड़ सकता है। हार्टअटैक, एक मेडिकल इमरजेंसी है। हार्ट अटैक के इन लक्षणों के महसूस होने पर संबंधित व्यक्ति या उसके परिजनों को शीघ्र डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। हार्ट अटैक के लक्षणों में शामिल हैं- बेचैनी महसूस करना, सीने में दर्द, जो बाहों, कंधों से लेकर कभी-कभी जबड़े में भी हो सकता है। सीने में जकड़न या दबाव महसूस करना, सांस लेने में दिक्कत, जी मिचलाना, पसीना आना, चक्कर आना आदि।

## सीएडी का ट्रीटमेंट

सीएडी के इलाज के शुरुआती दौर में डॉक्टर मरीज को कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं देते हैं और इसके साथ ही रक्त को पतला करने वाली दवाएं यानी ब्लड थिनर्स दी जाती हैं। इसके बाद कंडीशन के अनुसार इलाज की अन्य प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं।

**एंजियोप्लास्टी:** दिल के बाएं भाग में दो कोरोनरी आर्टरीज और दाहिने भाग में एक आर्टरी होती है, जिनकी आंतरिक दीवारों पर प्लाक जमा रहता है, जिसे एक प्रकार की संचित वसा भी कह सकते हैं। इस प्लाक के कारण ही धमनियों में अवरोध या ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जो कालांतर में हार्ट अटैक का कारण बन सकती है। धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए एंजियोप्लास्टी की जाती है। वहीं कुछ विशेष स्थितियों में बाईपास सर्जरी भी की जा सकती है।

**कब लगाते हैं स्टेंट:** आर्टरीज में अवरोध फिर से उत्पन्न न हो और इसे लंबे समय तक दूर रखने के लिए स्टेंट लगाया जाता है, जो धातु से निर्मित सूक्ष्म ट्यूब होता है। स्टेंट धातु की जाली जैसा दिखता है। इस स्टेंट को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट धमनियों के अंदर डालते हैं। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## सीएडी-हाइपरटेंशन पेशेंट्स रखें ध्यान

**रेग्युलर बेस पर बीपी चेक कराएं:** असहज महसूस करने पर ब्लड प्रेशर चेक करें। अगर ब्लड प्रेशर सामान्य नहीं है तो डॉक्टर से परामर्श लें। अपने बीपी को 120/80 या फिर अधिकतम 140/90 तक सीमित रखने का प्रयास करें। डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं के नियमित सेवन से यह संभव है।



**धूम्रपान-शराब से दूरी:** जो लोग धूम्रपान कर रहे हैं, उन्हें अपनी इच्छाशक्ति से इसे शीघ्र छोड़ देना चाहिए। धूम्रपान छोड़ने से सिस्टोलिक और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी तरह किसी भी रूप में अल्कोहल से परहेज करना हाइपरटेंशन को नियंत्रित रखने और दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है।

**जंक फूड्स से परहेज:** जंक फूड्स में वसा या चिकनाई अधिक मात्रा में पाई जाती है। इनमें नमक भी प्रचुर मात्रा में होता है। चूंकि ये वस्तुएं रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर को बढ़ाती हैं, जो हार्ट डिजीज और उच्च रक्त चाप की समस्या को बढ़ाने में सहायक हैं। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फूड्स से परहेज करें।



**तनाव का प्रबंधन करें:** इंडियन हार्ट फेडरेशन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार ज्यादातर समय तनावग्रस्त रहना हाइपरटेंशन को बुलावा देना है। तनाव की स्थिति में शरीर में ऐसे न्यूरोकेमिकल्स और हार्मोन स्रावित होते हैं, जो हाइपरटेंशन को बढ़ावा देते हैं और दिल की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं। इसलिए तनाव का प्रबंधन करने के लिए आपको अपनी सोच सकारात्मक या आशावादी रखनी होगी। अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन शामिल करें।

**नमक का कम से कम सेवन:** नमक में मौजूद सोडियम, हाइपरटेंशन की समस्या को बढ़ाता है। इसलिए अधिक नमक के सेवन से बचना चाहिए। खाद्य पदार्थों पर अलग से नमक न छिड़कें। एक व्यक्ति को विभिन्न व्यंजनों के जरिए दिन भर में लगभग 4 से 5 ग्राम मात्रा भर नमक का सेवन करना चाहिए।

**कंट्रोल बॉडी वेट:** जो लोग हाइपरटेंशन और सीएडी की समस्या के साथ मोटापे से भी ग्रस्त हैं, उनकी सेहत कभी भी खतरे में पड़ सकती है। खासतौर पर पेट पर संचित अतिरिक्त वसा हाइपरटेंशन और सीएडी की समस्याएं बढ़ा सकती है।




**करें एक्सरसाइज:** यदि आप प्रतिदिन 30 मिनट तक व्यायाम करते हैं तो इससे जहां वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी वहीं कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचाव संभव है। प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और शारीरिक क्षमता अलग-अलग होती है। कौन-सा व्यायाम कितनी देर करना है, इन सब बातों के संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। *

---

अवेयरनेस
डॉ. एस. सी. मनचंदा
सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

हार्ट डिजीज के लिए अनहेल्दी डाइट हैबिट और लाइफस्टाइल जिम्मेदार होती हैं। लेकिन जो लोग लॉन्ग सिटिंग जॉब करते हैं उनमें इसका रिस्क ज्यादा होता है। ऐसे में आप भी जानें कि हार्ट डिजीज के रिस्क को कैसे कम कर सकते हैं?

# लॉन्ग सिटिंग जॉब से बढ़े हार्ट डिजीज का रिस्क



आज के डिजिटलाइजेशन के दौर में गौर करें तो हममें से कई लोगों की जिंदगी ऑफिस वर्क, लैपटॉप और कंप्यूटर डेस्क तक ही सीमित होकर रह गई है। आजकल के ऑफिस कल्चर में व्यक्ति सेडेंटरी लाइफस्टाइल यानी एक ही स्थान और पोजिशन में बने रहने, डेस्क जॉब करने या घंटों एक ही जगह बैठकर काम करने के लिए मजबूर हो गया है। इसकी वजह से हार्ट अटैक ही नहीं, कई लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियों की गिरफ्त में आता जा रहा है।

**स्मोकिंग जैसा खतरनाक:** विशेषज्ञों का मानना है कि ऑफिस में डेस्क जॉब करना या कुर्सी-टेबल पर देर तक एक जगह बैठे रहना सिगरेट पीने से भी ज्यादा खतरनाक है। ज्यादा देर तक बैठने से शरीर की नसें संकुचित होने लगती हैं, जिससे शरीर में ऑक्सीजन और ब्लड सर्कुलेशन में भी रुकावट होने से हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है। इसकी वजह से व्यक्ति कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है और हर साल लाखों लोगों की मौत भी हो जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट मानते हैं कि एक ही स्थान पर 6-7 घंटे बैठकर काम करने से हार्ट अटैक का खतरा तकरीबन 20 प्रतिशत बढ़ता है। वहीं इससे ज्यादा देर तक बैठकर काम करने पर हार्ट फेलियर का रिस्क 50 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

**इस तरह बढ़ता है रिस्क:** शारीरिक गतिविधि की कमी और ब्लड सर्कुलेशन की कमी के कारण हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है। यह हार्ट अटैक होने का मुख्य कारण है। लंबे समय तक बैठे रहने से कैलोरीज कम बर्न होती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। अधिक वजन बढ़ने से दिल पर अधिक प्रेशर पड़ता है। हार्ट आर्टरीज सिकुड़ जाती हैं, उनमें कैल्शियम का जमाव बढ़ जाता है, जिससे नसों में ब्लड का प्रवाह रुक जाता है और कार्डियोवेस्कुलर डिजीज या हार्ट अटैक का खतरा रहता है।

**कैसे करें बचाव:** लंबे समय तक बैठे रहने से होने वाली समस्याओं से निजात पाने के लिए एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाना जरूरी है। लेकिन छोटे-छोटे बदलाव लाकर आसानी से फिट रहा जा सकता है-

- काम करते हुए बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। अपने मोबाइल या घड़ी में हर 30 मिनट के बाद उठने का रिमाइंडर सेट कर लें ताकि आपको उठना याद रहे।
- हल्की-फुल्की एकसरसाइज करें या इधर-उधर टहलें। खड़े होकर चेयर स्क्वैट्स, हील्स अपलिफ्टिंग, नेक स्ट्रेचिंग, शोल्डर स्ट्रेचिंग, टोर्सो फिंगर स्ट्रेचिंग जैसी एक्सरसाइज करें।
- अगर उठना संभव ना हो, तो डेस्क योगा या कुर्सी पर बैठे-बैठे नेक स्ट्रेचिंग, शोल्डर स्ट्रेचिंग, टोर्सो फिंगर स्ट्रेचिंग जैसी एक्सरसाइज भी कर सकते हैं।
- फोन पर किसी से बात करते वक्त खड़े होकर या टहलते हुए बात कर सकते हैं।
- लंच टाइम या टी-कॉफी ब्रेक में बैठे रहने के बदले चलते-चलते ब्रेक एंज्वॉय करें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

---

मेडिकल सजेशन

हार्ट डिजीज से बचाव के लिए जरूरी है कि आप रेग्युलर बेसिस पर हार्ट संबंधी टेस्ट करवाते रहें। इन टेस्ट्स में प्रमुख है- लिपिड प्रोफाइल टेस्ट। यह टेस्ट क्या होता है, इससे क्या इंडिकेट होता है? इस बारे में आप भी जानिए।

# लिपिड प्रोफाइल टेस्ट बताए कैसी है आपकी हार्ट हेल्थ

आजकल की अनियमित जीवनशैली में अनेक कारणों से हृदय संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर में इस प्रकार के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हृदय संबंधी रोग (सीवीडी) 3.9 मिलियन वार्षिक मौतों के लिए जिम्मेदार हैं, जो सभी मौतों का 30% है। ऐसे में आपको ना सिर्फ अपने जीवन शैली में सुधार करना होगा, अपने खान-पान में सुधार करना होगा, व्यायाम को अपने जीवन में महत्व देना होगा, बल्कि आपको समय-समय पर डॉक्टर के पास जाकर जांच भी करानी होगी। हृदय की जांच के लिए सबसे प्रमुख टेस्ट लिपिड प्रोफाइल टेस्ट होता है। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट आपके दिल के स्वास्थ्य का आईना होता है।

**लिपिड प्रोफाइल टेस्ट क्या है:** धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी, **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लिपिड प्रोफाइल एक ब्लड टेस्ट है, जिसके द्वारा शरीर में चार मुख्य प्रकार के लिपिड्स का मापन किया जाता है-

**टोटल कोलेस्ट्रॉल:** यह आपके खून में मौजूद कुल कोलेस्ट्रॉल का स्तर बताता है। एक स्वस्थ व्यक्ति में इसका स्तर 200 एमजी/डीएल से कम होना चाहिए।

**लो डेंसिटी लाइपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल:** इसे 'बैड' कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। यदि इसका स्तर 100 एमजी/डीएल से अधिक है तो ये दिल की बीमारियों और हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकता है।




**हाई-डेंसिटी लाइपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल:** इसे 'गुड' कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल को हटाने में मदद करता है। पुरुषों में इसकी स्वस्थ मात्रा 40 एमजी/डीएल से अधिक और महिलाओं में इसकी मात्रा 50 एमजी/डीएल से अधिक होनी चाहिए।

**ट्राइग्लिसराइड्स:** यह एक प्रकार की वसा होती है, जो अतिरिक्त कैलोरी को शरीर में फैट के रूप में स्टोर करती है। इसका उच्च स्तर दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। सामान्य रूप से इसका स्तर 150 एमजी/डीएल से कम होना चाहिए।'

**लिपिड प्रोफाइल और हार्ट हेल्थ:** श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के डायरेक्टर-इंटरवेंशनल, क्लिनिकल एंड क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी, **डॉ. अमर सिंघल** के अनुसार, 'लिपिड प्रोफाइल टेस्ट के माध्यम से दिल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है। यदि आपके लिपिड प्रोफाइल में लो-डेंसिटी लाइपोप्रोटीन यानी बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर अधिक है, तो ये आपकी धमनियों की दीवारों या रक्त वाहिकाओं में वसा के जमने का कारण बन सकता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन में रुकावट पैदा हो सकती है। इसे एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है, जो हार्ट अटैक और दिल की बीमारियों का मुख्य कारण होता है। वहीं, अगर हाई-डेंसिटी लाइपोप्रोटीन यानी गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर शरीर में पर्याप्त है, तो यह बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है और विभिन्न प्रकार की दिल की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।'




**क्या होता है इंडिकेट:** नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर और प्रोग्राम हेड कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** बताते हैं, 'अधिक एलडीएल और ट्राइग्लिसराइड्स का स्तर दिल के दौरे, स्ट्रोक और अन्य दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसके अलावा, कम एचडीएल स्तर भी हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ा सकता है। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट दिल के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पैमाना है। यह टेस्ट ना केवल बताता है कि आपका दिल कितना स्वस्थ है, बल्कि यह भी इंडिकेट करता है कि आपको अपने आहार और जीवनशैली में क्या बदलाव करने चाहिए? दिल की बेहतर सेहत के लिए आप फाइबर, ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ, नट्स, बीज, जैतून का तेल, एवोकाडो और पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करें। समय-समय पर आवश्यक मेडिकल चेकअप कराते रहें।' *

---

योगोपचार
आचार्य कौशल किशोर
योग गुरु

हृदय को स्वस्थ रखने में हमारे खान-पान और जीवनशैली की बड़ी भूमिका होती है। इसके साथ ही अगर आप नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास करते हैं तो हृदय संबंधी अनेक परेशानियों से बचे रहेंगे। ऐसे ही कारगर कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं आपको।

# नियमित करें योगाभ्यास हृदय रहेगा हमेशा स्वस्थ



पिछले कुछ सालों से खराब लाइफस्टाइल की वजह से दिल की बीमारी लोगों में बहुत बढ़ रही है। यहां तक कि अब तो बहुत कम उम्र के लोग भी हृदय संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इतना ही नहीं, जो लोग जिम में जाकर एक्सरसाइज करते हैं और अपनी फिटनेस पर बहुत ध्यान देते हैं, उनको भी दिल का दौरा पड़ रहा है। इसलिए इसको स्वस्थ रखने के लिए खान-पान के साथ-साथ कुछ योगासनों को नियमित रूप से अपने दिनचर्या में शामिल करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं, ये कौन-कौन से योगासन हैं-

**जानुशिरासन:** यह आसन शरीर के सभी आंतरिक अंगों को सशक्त और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस योगासन को करने के लिए पहले अपने दोनों पैरों को सामने की ओर सीधा फैलाकर बैठ जाइए। इसके बाद दाएं पैर को घुटने से मोड़कर इसके तलवे को बायीं जांघ से स्पर्श करे। अब दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए धीरे-धीरे आगे की ओर झुकते हुए पैर की अंगुलियों को पकड़ने का कोशिश कीजिए। इस स्थिति में आरामदायक समय तक रुक कर वापस पूर्व स्थिति में आ जाइए। यही अभ्यास दूसरे पैर से भी करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि जिन्हें स्लिप डिस्क, स्पांडिलाइटिस या तीव्र कमर दर्द की शिकायत हो वे जानुशिरासन का अभ्यास ना करें।

**मत्स्येंद्रासन:** इस आसन को करने के लिए पहले दोनों पैरों को सामने फैलाकर सीधा बैठ जाएं। अब बाएं पैर को घुटने से मोड़कर इसकी एड़ी को दाएं नितंब के नीचे रखें। इसके बाद दाएं पैर को घुटने से मोड़कर इसके पंजे को बाएं घुटने से बाहर सटाकर बाहर रखें तथा घुटने को छाती की तरफ ऊपर की ओर रखें। अब बाएं हाथ को दाएं पैर के बाहर रखते हुए उसके पंजे को पकड़ने का प्रयास करें। इसके बाद धड़ को दायीं ओर जितना घुमा सकते हैं, घुमाइए। आरामदायक समय तक इस स्थिति में रहने के बाद वापस पूर्व स्थिति में आ जाइए। यही क्रिया दूसरे पैर से भी करें।



**प्राणायाम:** हृदय को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राणायाम हैं- कपालभाति, भस्त्रिका, उज्जयी और नाड़ी शोधन प्राणायाम। यहां पर उज्जयी प्राणायाम के अभ्यास की विधि बताई जा रही है। उज्जयी प्राणायाम को ध्यान के किसी भी आसन में जैसे- सिद्धासन, पद्मासन या सुखासन में बैठकर रीढ़, गले और सिर को बिल्कुल सीधा रख लें। आंखों को ढीला बंद कर चेहरे को अधिकतम ढीला छोड़ दें। अब जिह्वा के आगे के भाग को मोड़कर इसे ऊपर वाले तालू से सटा लें। इसके बाद मुंह को हल्का सा खोलकर मुख द्वारा ही सी-सी की आवाज के साथ एक लंबी और गहरी श्वास अंदर लें। इसके बाद मुंह को बंदकर नाक के दारा लंबी और गहरी सांस बाहर निकालें। यह उज्जयी प्राणायाम की एक आवृत्ति है। शुरू में इसकी बारह आवृत्तियों का अभ्यास करें। धीर-धीर आवृत्तियों की संख्या अपनी सुविधानुसार बढ़ाते जाएं।



**ध्यान:** हमारी भावनाओं को नियंत्रित और संतुलित करने के लिए ध्यान बहुत प्रभावी है। ध्यान करने के लिए किसी भी आसन में सीधा होकर बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर सहजता के साथ रख लें। आंखों और चेहरे को खूब ढीला और सहज छोड़ दें। अब अपनी सहज सांसों पर मन को एकाग्र करने का अभ्यास करें। इस दरम्यान मन बार-बार इधर-उधर भागता है। फिर भी मन को सजग बनाए रखने के लिए उसे बार-बार वापस लाने की कोशिश करें। इसको हर दिन दस से पंद्रह मिनट अवश्य करें। यह तनाव, बेचैनी, भय और परेशानी को कम करता है। यही सब मनोभाव दिल को कमजोर करते हैं।

इनके अलावा आप सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी कर सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी आसन का अभ्यास शुरू करने से पहले योग्य-अनुभवी योग प्रशिक्षक से इसे अवश्य सीख लें। *

प्रस्तुति: संध्या रानी



# महालक्ष्मी के 50 टुकड़े करने वाले आरोपी ने किया सुसाइड

## ओडिशा में पेड़ से लटकता मिला शव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के महालक्ष्मी हत्याकांड की गुत्थी और उलझ गई है। इस मामले के आरोपी मुक्तिरंजन प्रताप रॉय ने आत्महत्या कर ली है। ओडिशा में उसकी लाश पेड़ से लटकती हुई मिली है। सेंट्रल-बेंगलुरु के डीसीपी शेखर एच टेककन्नावर ने इसकी जानकारी दी है। आरोप है कि मुक्तिरंजन ने बेंगलुरू में मल्लेश्वरम इलाके की एक इमारत में महालक्ष्मी की हत्या कर शव के 50 से अधिक टुकड़े कर दिये थे, जो एक फ्रिज से बरामद हुए थे। महालक्ष्मी की मां और बहन के शनिवार को उनके घर पहुंचने पर इस घटना की जानकारी मिली थी। बेंगलुरु पुलिस को सूचना मिली थी कि महालक्ष्मी की नृशंस हत्या करने वाला मुक्तिरंजन अलग-अलग लोकेशन बदलते हुए ओडिशा पहुंच गया है। इस सूचना पर बेंगलुरु पुलिस की टीम आरोपी की धरपकड़ करने ओडिशा गई थी, लेकिन पुलिस को फांसी के फंदे से लटका उसका शव मिला। मौके पर से उसका एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने महालक्ष्मी का कत्ल किए जाने की बात भी कबूल की है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए चार टीम ओडिशा भेजी थी।



### मॉल में काम करती थी

बता दें कि 29 वर्षीय महालक्ष्मी बेंगलुरु में संपीगे रोड पर मंत्री मॉल में काम करती थी। महिला के शरीर के टुकड़े कर उसे व्यालिकवल क्षेत्र के विनायकनगर में एक किराए के घर में फ्रिज में रखा गया था। घर से दुर्गंध आने पर स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों को सूचित किया था। घटना की सूचना मिलते ही तीन दिन पहले पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया था। इस बीच, मृत महिला के अलग रह रहे पति ने उसके एक परिचित व्यक्ति पर वारदात में शामिल होने का संदेह जताया था। पुलिस मामले में किसी अशरफ नाम के शख्स को भी आरोपी मानकर जांच कर रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'कंगना विवाद' पर साधा निशाना

# '700 किसानों की मौत से भी मन नहीं भरा, कंगना की टिप्पणी पर बोलें मोदी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की बात कही थी, जिसे लेकर विवाद तेज हो गया है। कंगना रनौत ने इस मामले में माफी मांग ली थी और कहा था कि मुझे अपने इस बयान पर खेद रहेगा। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी उन्हें घेरा है। यही नहीं उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए जवाब मांगा है। उन्होंने बुधवार को कहा कि 700 किसानों की जान जाने के बाद भी भाजपा का मन नहीं भरा है। राहुल ने कहा कि इस मामले में पीएम नरेंद्र मोदी को स्पष्टीकरण देना चाहिए। 'सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी? 700 से ज़्यादा किसानों, खास कर हरियाणा और पंजाब के किसानों की शहादत ले कर भी भाजपा वालों का मन नहीं भरा। इंडिया अलायंस हमारे अन्नदाताओं के विरुद्ध भाजपा का कोई भी षड्यंत्र कामयाब नहीं होने देगा। अगर किसानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी कदम उठाया जाएगा तो मोदी जी को फिर से माफी मांगनी पड़ेगी।' गांधी ने एक वीडियो में कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था।





### बयान का समर्थन नहीं तो पार्टी से निष्कासित क्यों नहीं करते : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी की रग-रग में किसान विरोधी नफरती मानसिकता बसी हुई है। यदि बीजेपी कंगना के बयान से सहमत नहीं है तो उन्हें पार्टी से निष्कासित क्यों नहीं करती? खड़गे ने कहा, किसानों को गाड़ी के नीचे कुचलवाने वाली मोदी सरकार ने हमारे अन्नदाता के लिए कँटीले तार, ड्रोन से आँसू गैस, कीलें और बंदूकें... सबका इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि ये सब कुछ भारत के 62 करोड़ किसान कभी भूल नहीं पाएंगे।

### कंगना ने माफी मांगी बोलीं- शब्द वापस लेती हूं

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कृषि कानूनों को लेकर दिए बयान पर बुधवार को माफी मांग ली। उन्होंने इसे अपना निजी बयान बताते हुए कहा, 'यदि मेरे अपने बयान से किसी को निराशा हुई है तो मैं अपने शब्द वापस लेती हूं।' एक्ट्रेस का यह बयान भाजपा के किनारा कर लेने के बाद आया। बुधवार सुबह ही भाजपा ने कंगना के बयान से पल्ला झाड़ लिया था। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने वीडियो जारी कर कहा था कि कंगना को 3 कृषि कानूनों पर बोलने का हक नहीं है। गौरतलब है, कंगना ने 23 सितंबर को हिमाचल में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था,' किसानों के जो लॉ हैं, जो रोक दिए गए, वे वापस लाने चाहिए। किसानों को खुद इसकी डिमांड करनी चाहिए।'



कोलकाता कांड

# सीबीआई का पुलिस पर सनसनीखेज आरोप- थाने में बदले गए रिकॉर्ड!

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच कर रही सीबीआई ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि इस मामले से संबंधित कई रिकॉर्ड पुलिस स्टेशन में बनाए और बदले गए थे. यह खुलासा ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल और पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से पूछताछ के दौरान हुआ है। इसी आधार पर सीबीआई ने कहा कि उन दोनों से आगे भी पूछताछ किए जाने की जरूरत है। इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 30 सितंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि ताला पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज के डीवीआर और हार्ड डिस्क को डेटा निकालने के लिए कोलकाता सीएफएसएल भेजा गया है। उक्त डेटा और रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों से हिरासत में आगे की पूछताछ की आवश्यकता है, जो कि एक या दो दिन में मिलने की उम्मीद है।



### सुको की निगरानी में जांच

जांच एजेंसी का कहना है कि इस मामले की जांच प्रगति पर है। 20 सितंबर के आदेश के तहत सीएफएसएल, कोलकाता के निदेशक को पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट के बारे में जानकारी देने के लिए 23 सितंबर को एक एक्सपर्ट भेजने का निर्देश दिया गया था। लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण ऐसा नहीं हो सका इसलिए इस मामले की सुनवाई 25 सितंबर को सियालदह की अदालत में की गई है। इस केस की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो रही है। इससे पहले भी सीबीआई ने कोलकाता पुलिस की लापरवाही को लेकर एक बड़ा खुलासा किया था। जांच एजेंसी ने कहा था कि मुख्य आरोपी संजय रॉय की गिरफ्तारी के दो दिन बाद उसके कपड़े और सामान बरामद किए गए थे।

## आज से केन्या के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे रक्षा सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने गुरुवार से केन्या के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इसके जरिए भारत और केन्या के रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 से 27 सितंबर तक की इस यात्रा में भारत के रक्षा सचिव केन्या के प्रधान रक्षा सचिव के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अरमाने की केन्या यात्रा में वहां सैन्य कर्मियों के स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से एक नए सीटी स्कैन कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया जाएगा। यह पहल केन्या की रक्षा तत्परता और चिकित्सा सेवाओं को आगे बढ़ाने में भारत की सहायता की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## ईरान विस्फोट, मृतक संख्या हुई 50

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी भाग में कोयला खदान में हुए विस्फोट में घायल एक और श्रमिक की अस्पताल में मौत के बाद बुधवार को इस घटना में जान गंवाने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ कर 50 हो गई। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। शनिवार को राजधानी तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व स्थित तबास स्थित कोयला खदान में मीथेन गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ था। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि निजी स्वामित्व वाली तबास परवदेह 5 खदान में क्या सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई गई थीं।

## 'संतोष' ऑस्कर में ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि

**लंदन।** लंदन निवासी भारतीय मूल की फिल्मकार संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' को ऑस्कर पुरस्कार की अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर शामिल किया गया है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा, ''बाफ्टा को यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' को अगले साल होने वाले ऑस्कर पुरस्कार की अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है।''


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम 6वीं-10वीं में साइंस, मैथ्स, एसएसटी हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राइवर, चपरासी, आयाबाई की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 27.09.2024, प्रातः 11बजे से 1बजे तक. रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, अश्वनी नगर, मो.नं. 9039194379. (Ro -6955)

तत्काल आवश्यकता है- बिन्दा सोनकर उ. मा. विद्यालय अश्वनी नगर, रायपुर में अनुभवी /सेवानिवृत्त प्राचार्य तथा लिपिक / कम्प्यूटर ऑपरेटर की तत्काल आवश्यकता है। आवेदन पत्र दिनांक 28/09/2024 तक संपर्क करें 9907679100. (Ro -4469)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230. (Ro- 6494)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(Ro - 3010)

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1644)

**सेल्स एक्जीक्यूटिव**

URGENT REQUIREMENT- Sales Executive- Girls And Boys, Tellecaller Executive- Girls, Education 12th And Above Send Your CV Watsapp 9522722787, 9424308009 Walk in Intervew Place Raipur (C.G) (Ro -6500)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434 चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.(Ro -3004)

आवश्यकता है- विशोक सेनगर सिक्योरिटी एजेंसी अवश्यकता है भूतपूर्व सैनिकों की सिक्योरिटी गार्ड के लिए भाटापारा, रायगढ़ में डी जी आर रेट पर संपर्क करें 6280606010. (RO-A)

**कम्प्यूटर/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य 1, ऑफिस में टेली कॉलिंग 2, कंप्यूटर कार्य 1, घर बैठे मार्केटिंग हेतु 15-20 फीमेल चाहिये सैलरी 7500/- कुवारी, तलाकशुदा, विडो फीमेल फोटो बायोडाटा सहित मिले:- मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो नियर गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रायपुर मोबाइल:- 90393-21951. (RO-3013)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- अमलीडीह रायपुर में घर की साफ सफाई एवम अन्य घरेलू कार्य हेतु अनुभवि पति/पत्नी या परिवार की आवश्कता हैं,रहने की सुविधा,आकर्षक वेतन । संपर्क 6262800016, 6262800019. (RO-274)

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए एंव बुजुर्ग महिला की सेवा के लिए एक महिला कामवाली की, 24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा फ्री जल्दी संपर्क करें - रायपुर (फोन करें केवल शाम 8 से 10 तक ) मों. - 9425518442.(RO-6492)

**कुक/डिलीवरी कार्य**

कुक चाहिए- कादंबरी नगर दुर्ग में घर के लिए एक ऑलराउंडर कुक ( खाना बनाने वाली लेडिश ) की आवश्यकता है, सम्पर्क करें : 96916-31036, 911190-08008 (आरो न.- 592)

आवश्यकता है- टिफिन सेंटर में खाना बनाने के लिए कुक की आवश्यकता एवं टिफिन डिलीवरी के लिए लड़के की आवश्यकता (पार्ट टाइम) टेस्ट ऑफ़ पंजाब मारुति रेजिडेंसी रोड गोलछा अपार्टमेंट के सामने अमलीडीह रायपुर 9826162764.(RO-7404)

क्लासीफाईड

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु पुरूष महिला एंव टेली एकाउन्टेंट (फीमेल) सम्पर्क करें राजेश होजयरी फारेस्ट कालोनी के पास गली नं.1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.(RO-7405)

**रसोइये**

आवश्यकता है- विशाल नगर/तेलीबांधा (रायपुर) के क्लाउड किचन में आंध्रा के तेलुगु टिफ़नि के शाकाहारी व्यंजन बनाने के लिए एक कुशल अनुभवी रसोइये की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार. संपर्क करें - 9425203443. (RO-25238)

**शोरूम कार्य**

आवश्यकता है- स्टेशनरी, गिफ्टमेकर शोरूम में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है. वेतन योग्यतानुसार. डायरी हॉउस, माँ अन्नपूर्णा काम्प्लेक्स बंजारी रोड रायपुर 07714036253, 9131910588, 9329100996. (RO-M)

**प्रचार कार्य**

आवश्यकता है- कैनोपी द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क समय 11 से 2 मोबाइल 7587493092. (RO-1229)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- घरेलू गाड़ी व एम्बुलेंस गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर- 2 की आवश्यकता हैं, रहने की सुविधा, संपर्क करें:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (Ro - 3006)

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ 1 दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह संपर्क:- 99267-53341.(RO-2984)

**डिलिवरी ब्वॉय**

आवश्यकता है- Tata Big Basket company रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में पार्सल डिलीवरी हेतु डिलिवरी ब्वॉय की आवश्यकता है वेतन 15000 से 30000 सम्पर्क करें- 9893076184 (RO-35505)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(Ro -3007)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो न.- 589)

आवश्यकता है- ग्वालियर मध्य प्रदेश में ऑफिस कार्य करने हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 8982690021, 8965876358.(RO-35488)

**वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.(RO-35460)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है-बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423.(RO-35489)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**रसोइये**

आवश्यकता है- रायपुर (छत्तीसगढ़) में क्लाउड किचन में आंध्रा के तेलुगु टिफ़नि के व्यंजन बनाने के लिए एक कुशल अनुभवी रसोइये की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार. संपर्क करें - 9425203443 (RO-24834)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.(RO-3744)

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्कः- 9205219535.(RO-3011)

आवश्यकता है- भारत की नंबर - 1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के लड़कियां , गृहणियां , रिटायर्डपर्सन ,घरबैठे कमाए (21500 - 48500) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp / Call करें:- 8101180949.(RO-471)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस- राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(Ro -3005)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करें:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

**Property प्रापर्टी**

प्लॉट बेचना है - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-6498)

जमीन बेचना है- राजनांदगांव जिले में 30 एकड़ जमीन बेचना है। नगपुरा से 10 किमी की दुरी पर 33/11 केबी सब स्टेंशन से मात्र 100 मी. 25 लाख प्रति एकड़ की दर से। संपर्क मो.- 62631-18690 (आरो न.-6383)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152






## खबर संक्षेप

### विमान सेवा के लिए अदाणी की बॉम्बार्डियर के सीईओ से चर्चा




**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अदाणी ने विमान सेवाओं और रक्षा क्षेत्र में साझेदारी पर चर्चा के लिए बॉम्बार्डियर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एरिक मार्टेल से मुलाकात की। अदाणी समूह बंदरगाह से लेकर ऊर्जा तक के क्षेत्र में कारोबार करने के साथ देश में सात हवाई अड्डों का संचालन करता है।

### एयरटेल फर्जी कॉल रोकने एआई का प्रयोग करेगा




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने फर्जी कॉल व संदेशों पर लगाम लगाने के लिए अपने नेटवर्क पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रौद्योगिकी लागू करने की पूरी तैयारी कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गोपाल विट्टल ने बुधवार को बताया कि इस प्रौद्योगिकी की शुरुआत 26 सितंबर की मध्यरात्रि से की जाएगी।

### जोहो ने सेमीकंडक्टर उद्यम के लिए सरकार को आवेदन सौंपा



**नई दिल्ली।** जोहो कॉर्प के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीधर वेम्बू ने बुधवार को कहा कि उनके सेमीकंडक्टर उद्यम ने सरकार को अपना आवेदन सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के संबंध में कई पहलुओं पर गहन मूल्यांकन चल रहा है। सरकार भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के बढ़ने की रफ्तार से उत्साहित है।

### आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स ने डिबेंचर से जुटाई राशि




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स लिमिटेड ने निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर बाजार से 2,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं 24 सितंबर, 2024 को एक लाख रुपये अंकित मूल्य के 2,50,000 बिना गारंटी वाले, सूचीबद्ध, रेटेड, विमोच्य एनसीडी आवंटित किए। इसमें 2,500 करोड़ रुपये में 2,000 करोड़ रुपये का आधार निर्गम आकार और 500 करोड़ रुपये तक के अतिरिक्त अभिदान को बनाए रखने के लिए ग्रीन शू विकल्प शामिल है।

# सोना सर्वकालिक उच्चस्तर पर, चांदी में आया 3,000 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 900 रुपए की तेजी के साथ 77,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। मंगलवार को, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 76,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

- सिक्का निर्माताओं की खरीदी से चांदी बढ़कर 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम

चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले बंद भाव में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 900 रुपये चढ़कर 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में सोना 76,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## सोना 900 रुपए तेजी के साथ 77,850 रुपए प्रति दस ग्राम

### सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर

दिन के कारोबार में विदेशी बाजारों में इसके भाव 2,694.89 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी रिसर्च) मानव मोदी ने कहा, अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती को लेकर लगातार आशावाद के बीच हाल में आई तेजी के कारण कॉमेक्स के साथ-साथ घरेलू मोर्चे पर भी सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं।



*आभूषण विक्रेताओं की खरीदी से सोने को मिल रहा समर्थन : मेहता ने कहा, "कमजोर डॉलर, वैश्विक केंद्रीय बैंकों से और अधिक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, सुरक्षित निवेश की मांग और ईटीएफ कोष के प्रवाह से कीमतों को समर्थन मिल रहा है।" कारोबारियों के अनुसार, आभूषण विक्रेताओं की लगातार खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई।*

### एमसीएक्स में सोना वायदा में तेजी

दूसरी ओर, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में अक्टूबर डिलीवरी वाले सोना अनुबंध 997 रुपये की नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छूते हुए 76,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। हालांकि, दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध 419 रुपये की गिरावट के साथ 91,974 रुपये प्रति किलोग्राम रह गए। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 0.15 प्रतिशत बढ़कर 2,681.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है।

### वैश्विक बाजार में सोना 3200 डॉलर प्रति औंस के पार

भारतीय सराफा एवं आभूषण विक्रेता संघ (आईबीजेए) के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता ने कहा कि निकट भविष्य में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतें 3,200 डॉलर प्रति औंस को पार कर सकती हैं। ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष - शोध (जिंस एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, "सोने की कीमतों में तेजी जारी है, क्योंकि वायदा कारोबार में कीमतें 76,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं।"

## एडीबी ने तिमाही अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद जताई

# एडीबी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को 7% पर कायम रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है।

सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

### अगले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 7.2 फीसदी होगी

एडीबी ने कहा, " वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। साथ ही भारत की वृद्धि संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।'

### अधिक मानसून से कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि

*रिपोर्ट में कहा गया, देश के अधिकतर हिस्सों में औसत से अधिक मानसून से कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि होगी जिससे वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।" रिपोर्ट में निजी उपभोग में सुधार की भी उम्मीद जताई गई है। इसकी प्रमुख वजह मजबूत कृषि से प्रेरित ग्रामीण मांग तथा पहले से ही मजबूत शहरी मांग रहेगी।*



### आरबीआई ने 7.2 फीसदी वृद्धि का अनुमान लगाया

भारतीय अर्थव्यवस्था गत वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि धीमी होकर 6.7 प्रतिशत रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार तथा उद्योग व सेवाओं के लिए काफी हद तक मजबूत परिदृश्य से आने वाली तिमाहियों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है।




- बेहतर कृषि उत्पादन और उच्च सरकारी खर्च बढ़ने की उम्मीद
- चालू वितवर्ष के लिए निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा
- वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी

### रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो सकेंगे

निजी निवेश का परिदृश्य सकारात्मक है, लेकिन सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि, जो अब तक ऊंची रही है अगले वित्त वर्ष में धीमी हो जाएगी। इसमें कहा गया, श्रमिकों तथा कंपनियों को रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन की पेशकश करने वाली हाल ही में घोषित नीति से श्रम मांग को बढ़ावा मिल सकता है और अगले वित्त वर्ष में रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो सकते हैं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा, " भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, " कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है।"

### महंगे खाद्य पदार्थ से मुद्रास्फीति बढ़ेगी

उद्योग तथा सेवाओं का प्रदर्शन लगातार मजबूत रहने की उम्मीद है। मजबूत सेवा निर्यात और विदेश में रहने वाले भारतीयों द्वारा भेजे गए धन (रेमिटेंस) की वजह से चालू खाते का घाटा (कैड) कम रहेगा। खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों से चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति के पहले के अनुमान से अधिक रहने की आशंका है, हालांकि अगले वित्त वर्ष में इसके कम होने की उम्मीद है।

# हीरा कारोबारियों के राजस्व में 27 फीसदी गिरावट का अनुमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रमुख बाजारों में कम मांग और उपभोक्ताओं द्वारा प्रयोगशाला में बनाये गए हीरों को प्राथमिकता देने की वजह से भारत के प्राकृतिक हीरा पॉलिशिंग उद्योग के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 25-27 प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में इस उद्योग का राजस्व घटकर एक दशक के निचले स्तर 12 अरब डॉलर पर आ सकता है। अधिक आपूर्ति के बीच हीरे की कीमतों में 10-15 प्रतिशत की गिरावट और प्रयोगशाला में बनाये गए हीरों (एलजीडी) के प्रति उपभोक्ता की पसंद में बदलाव के कारण हुई है। इसमें कहा गया है कि लगातार तीसरे वित्त वर्ष में गिरावट के साथ, प्राकृतिक हीरा पॉलिशिंग उद्योग के राजस्व में इस वित्त वर्ष में साल-दर-साल आधार पर 25-27 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।



- प्रमुख बाजार में हीरे की मांग कम हुई
- उपभोक्ता प्रयोगशाला में बनाए हीरों को प्राथमिकता दे रहे

### चीन में सोने के आभूषणों को मिली प्राथमिकता

नतीजतन, वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन मार्जिन 4.5-4.7 प्रतिशत पर स्थिर हो जाएगा। दूसरी ओर, रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन में सोने के आभूषणों के लिए प्राथमिकता बढ़ रही है, जो भारत के निर्यात का 28 प्रतिशत है, क्योंकि आर्थिक अनिश्चितता के बीच सोने को बेहतर लाभ प्रदान करने वाली एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में माना जाता है।

# ग्रामीण भारत की बेटियों को सशक्त बना रहा 'प्रोजेक्ट पंछी'

- वर्ष 2030 तक अपने कार्यबल में 30% महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना

**रायपुर।** बेटियाँ देश का गौरव हैं। बेटियों को सशक्त बनाने का मतलब है देश के भविष्य को सशक्त बनाना। बेटियाँ हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं, जरुरत होती है, तो सिर्फ उन्हें प्रोत्साहित करने की। वेदांता एल्युमीनियम का 'प्रोजेक्ट पंछी' इस क्षेत्र में उम्दा काम कर रहा है।



अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर इस प्रोजेक्ट की सफलता से कंपनी ने सभी को रूबरू कराया है, जिसका लक्ष्य भारत के आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों की 1,000 युवा लड़कियों को सशक्त बनाना है। मार्च 2023 में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट के तहत, वेदांता ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों से 190 लड़कियों को ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाया है। इस पहल का उद्देश्य बेटियों को स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता सिखाना है। प्रोजेक्ट पंछी उन बेटियों की भी मदद कर रहा है, जो पहली बार पढ़ाई कर रही हैं। वेदांता के सीईओ, जॉन स्लावेन ने बताया कि कंपनी शिक्षा और सशक्तिकरण में विश्वास करती है। वेदांता का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपने कार्यबल में 30% महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, वेदांता महिलाओं के लिए सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए भी प्रयासरत है। प्रोजेक्ट शक्ति के तहत, महिलाओं को नौकरी के लिए नए अवसर दिए जा रहे हैं।

# हुंडई मोटर, स्विगी के आईपीओ को सेबी की हरी झंडी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता हुंडई की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड और खाद्य सामग्री व किराना की आपूर्ति करने वाली कंपनी स्विगी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की मंजूरी मिल गई है।

मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने पहले बताया था कि दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता कंपनी आरंभिक शेयर बिक्री के जरिये कम से कम तीन अरब डॉलर (करीब 25,000 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बना रही है, जबकि स्विगी का आईपीओ 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का आंका गया है।




### दो दशक बाद वाहन कंपनी का आईपीओ

जापान की वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी के 2003 में सूचीबद्ध होने के बाद दो दशक में पहली बार कोई वाहन विनिर्माता कंपनी आईपीओ ला रही है। स्विगी ने गोपनीय 'प्री-फाइलिंग रूट' के जरिये 30 अप्रैल को दस्तावेज दाखिल किए थे। फिलहाल सभी विवरण गुप्त हैं।

*स्विगी ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस जमा करेगी : सूत्रों ने बताया कि गोपनीय फाइलिंग प्रक्रिया के तहत सेबी की मंजूरी के बाद स्विगी दो अद्यतन 'ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस' (दस्तावेज) जमा करेगी। एक नियामक की प्रतिक्रिया से संबंधित और दूसरा 21 दिन में सार्वजनिक टिप्पणियां हासिल करने से जुड़ा होगा।* अंत में, सार्वजनिक टिप्पणियों के बाद परिवर्तनों को शामिल कर कंपनी दस्तावेज में बदलाव करना होगा।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

# सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक के पार बंद, निफ्टी ने लांघा 26,000 अंक का स्तर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को पहली बार 85,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

दिन में कारोबार के अंतिम कुछ घंटों में बैंकिंग और बिजली क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी के चलते शेयर बाजारों को शुरुआती नुकसान की भरपाई करने में मदद मिली। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 255.83 अंक या 0.30 प्रतिशत बढ़कर 85,169.87 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 333.38 अंक या 0.39 प्रतिशत बढ़कर 85,247.42 अंक के उच्चस्तर पर पहुंचा था। सेंसेक्स के 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 नुकसान के साथ बंद हुए। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 63.75 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 26,004.15 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 92.4 अंक या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 26,032.80 अंक के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया था। "सीमित दायरे में कारोबार के बाद प्रमुख सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई, जिसकी अगुवाई बिजली और बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों ने की।



- बाजार की शुरूआत गिरावट से हुई
- अंतिम घंटों में बैंकिंग शेयरों में आई तेजी

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# दिल्ली रणजी : कोहली और पंत को 84 सदस्यीय सूची में मिली जगह, खेलना तय नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिल्ली की रणजी ट्रॉफी टीम के संभावित खिलाड़ियों की 84 सदस्यीय विशाल सूची में जगह मिली है। लेकिन इन दोनों के पूरे सत्र के दौरान टीम की ओर से लाल गेंद के किसी मुकाबले के लिए उपलब्ध रहने की संभावना नहीं है। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को हालांकि इस सूची में जगह नहीं मिली है। देश के सबसे तेज गेंदबाज मयंक यादव और भारतीय टीम में जगह बनाने के एक अन्य दावेदार हर्षित राणा संभावित खिलाड़ियों में शामिल हैं।



### 12 साल पहले खेले थे कोहली

कोहली ने दिल्ली के लिए पिछली बार 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था जबकि पंत पिछली बार टीम की ओर से लाल गेंद का मुकाबला कोविड-19 महामारी की शुरुआत से पहले खेले थे।

### इशांत योजनाओं में नहीं

सौ टेस्ट खेलने वाले 35 वर्षीय इशांत के मामले में यह समझा जाता है कि उनके रणजी ट्रॉफी खेलने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि अब वह राष्ट्रीय टीम की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। इशांत पहली दिल्ली प्रीमियर लीग में भी नहीं खेले थे लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के लिए खुद को उपलब्ध कराते हैं या नहीं। यह टी20 टूर्नामेंट आईपीएल नीलामी से ठीक पहले आयोजित किया जाएगा। उनके प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### रफ्तार के जादूगर मयंक पर नजर

सभी की निगाहें मयंक पर होंगी जिन्होंने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होने से पहले आईपीएल में 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करके सभी का ध्यान खींचा था। मयंक के पास अब बीसीसीआई का तेज गेंदबाजों का अनुबंध है और वह पिछले पांच महीनों से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। वह अब सिमुलेशन में प्रतिदिन कम से कम 15 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह दिल्ली के लिए खेलेंगे क्योंकि राष्ट्रीय चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत ए टीम का चयन करेंगे और अगर वह फिट हैं तो वह उस टीम में जगह बनाने के दावेदार होंगे।

## पंत की टेस्ट में बढ़ी धमक, रोहित और कोहली खिसके

दुबई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं।

**टेस्ट रैंकिंग : शीर्ष 10 में बनाई जगह, छठे स्थान पर किया प्रवेश**



### श्रीलंकाई क्रिकेटरों को फायदा

गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगाई और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं और उन्होंने असिथा फर्नांडो (700) को पछाड़ा जो दो पायदान खिसककर 13वें स्थान पर पहुंचे। बल्लेबाजी रैंकिंग में कामिंडु मेंडिस 16वें और धनंजय डि सिल्वा आल राउंडर रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



### खुद को परखने का मौका : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी।

### सफेद गेंद की क्रिकेट में वापसी को तैयार

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने कहा, 'अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा।' स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।

## ला लिगा : लगातार 5वें मैच में किया छठा गोल

# एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियल मैड्रिड लगातार 39 मैचों से अजेय

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया। एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाज़क्वेज़ और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया।



### लेवांडोव्स्की से एक गोल पीछे

एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं। स्पेनिश लीग में उनके नाम पांच गोल हैं और वह बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की से एक गोल पीछे हैं। एक अन्य मैच में सेविला ने अपने घरेलू मैदान पर वलाडोलिड को 2-1 से हराया।

### लीग कप : जीता मैनचेस्टर सिटी



*मैनचेस्टर। आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यूंस (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिए टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया।*

### चेल्सी के नकुंकू ने लगाई हैट्रिक

*चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया। लीसेस्टर ने वॉल्सॉल से 0-0 से ड्रॉ खेलने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से जीत हासिल की। नकुंकू ने चेल्सी के लिये 15 मिनट के अंदर शुरुआती दो गोल किये और फिर 75वें मिनट में तीसरा गोल दागा।*

**टेनिस**

## ओसाका की चीन ओपन के पहले दौर में एकतरफा जीत



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया।

2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी।' इस सत्र में चार डब्लूटीए 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। दूसरी ओर जापान ओपन में माटियो बेरेटिनी ने पुरुष एकल में पहले दौर के मुकाबले में नीदरलैंड के बोटिक वैन डे जांड्सचुल्प को 6-3, 6-4 से हराया। पहले दौर के एक अन्य मैच में अर्जेंटीना के मारियानो नवोन ने इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-4, 6-4 से मात दी।

### भारत ने मंगोलिया को 4-1 से हराया

**विएंतियाने।** भारत ने बुधवार को यहां मंगोलिया को 4-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 फुटबॉल एशियाई कप क्वालीफायर में अपना अभियान शुरू किया। पहले हाफ तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं लेकिन भारत ने दूसरे हाफ में मंगोलिया की रक्षापंक्ति को चीरते हुए तीन गोल दाग दिये। भारत के लिए केल्विन सिंह ताओरेम ने 20वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद मांगलेनथांग किपजेन ने 51वें और 54वें मिनट में दो गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। भारत के लिए चौथा गोल कोरोऊ सिंह थिंगुजाम ने 85वें मिनट में किया।

**ब्रुक का शतक**

## इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया के 14 मैचों का विजय अभियान



एजेंसी ▶▶| चेस्टर ली स्ट्रीट

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। इस तरह से अब वह श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा।

### पहले शतक से खुश

चोटिल जोस बटलर की जगह कप्तानी कर रहे ब्रुक ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित तौर पर मैं काफी राहत महसूस कर रहा हूं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं उस तरह का खेल दिखाने में सफल रहा जैसा मैं चाहता था। मैं वनडे में अपना पहला शतक लगाकर बहुत खुश हूं और उम्मीद है कि आगे यह सिलसिला जारी रहेगा।''

### 300 पार रहा बेकार

*ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 304 रन बनाए थे। उसकी तरफ से दूसरे वनडे में 74 रन बनाकर जीत के सूत्रधार रहे एलेक्स कैरी ने 65 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 77 रन बनाए जबकि स्टीव स्मिथ ने 82 गेंद पर 60 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके शामिल हैं। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे आरोन हार्डी ने 26 गेंद पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 44 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे आस्ट्रेलिया 300 रन की संख्या पार करने में सफल रहा। कैमरन ग्रीन ने 42 और ग्लेन मैक्सवेल ने 30 रन का योगदान दिया।*

## महिला टी20 विश्व कप का सबसे सस्ता टिकट 114 का

एजेंसी ▶▶| दुबई

संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बयान में कहा, 'टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है। जिस दिन दो मैच खेले जाएंगे उस दिन एक ही टिकट से दोनों मैच के लिए प्रवेश मिलेगा।' 18 वर्ष से कम उम्र के दर्शकों को मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा। फाइनल 20 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## मकाऊ ओपन : श्रीकांत की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया। 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष ने हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी।




पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को 15-21, 21-18, 22-20 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने पहले दौर में कड़े मुकाबले में लू बिंग कुन और हो लो ई की मलेशिया की क्वालीफायर जोड़ी को 24-22, 10-21, 21-13 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। हालांकि भारत की तान्या को करीबी मुकाबले में ताईवान की लियांग टिंग यू के खिलाफ 18-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अनुपमा को जापान की रिको गुंजी के खिलाफ 12-21, 22-20, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। इशारानी भी चीन की क्वालीफायर वू लियो यू के खिलाफ 7-21, 15-21 से हार गईं।

### शाकिब चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे : कोच

**कानपुर।** बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने शुरूआती टेस्ट में शाकिब अल हसन को लगी चोट के कारण उनकी फिटनेस संबंधित चिंताओं को दरकिनार करते हुए बुधवार को कहा कि वह भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। शाकिब को चेन्नई में शुरूआती मैच के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करते हुए उंगली में चोट लग गई थी। 37 वर्षीय स्पिन ऑलराउंडर को गेंदबाजी के लिए भी काफी देर से लगाया गया था।

**महिला और पुरुष टीम ने जीते थे ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड**

# पीएम मोदी ने की शतरंज खिलाड़ियों से मुलाकात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों की सराहना की। हंगरी के बुडापेस्ट में भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक जीता।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब पुरुष टीम ने अंतिम दौर में स्लोवेनिया जबकि महिला टीम ने अजरबेजान को हराकर पहली बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते। पुरुष प्रतियोगिता में डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के लिए 11वें और अंतिम दौर में जीत दर्ज की। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में प्रधानमंत्री को मोदी को आर वैशाली, डी हरिका, तानिया सचदेव, विदित गुजराती, अर्जुन एरिगेसी और प्रज्ञानानंदा जैसे शतरंज चैंपियनों के साथ बात करते देखा जा सकता है। डी गुकेश टूर्नामेंट में भारत के लिए स्टार रहे। उन्होंने ओपन वर्ग में 11 में से 10 बाजियां जीतकर भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। बातचीत के दौरान खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री को शतरंज की बिसात भेंट की जिसके बाद प्रज्ञानानंदा और एरिगेसी ने शतरंज की एक बाजी खेली जिसे देखकर प्रधानमंत्री मोदी मंत्रमुग्ध हो गए।



### टीमों को मिलेंगे तीन करोड़ 20 लाख का पुरस्कार

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की। भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपए मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपए और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहा, 'स्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है।

**न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग**
**जिला - दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**
**रा.प्र.क्र. 103 / ब-121 / वर्ष 2023-24**
**प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक शाखा- सर्कल शस्त्र नया रायपुर सेक्टर-24 नया रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) .....वादी**
**प्रेषिती**
**नवाब हुसैन खान पिता इस्माइल खान पता- निवासी- म. नं. सी / 5 एल.आई.सी. स्टाफ कॉलोनी सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) ...अनावेदकगण**

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदक द्वारा आवेदक बैंक से होम लोन की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति एम.आई.जी. 2/170-ए क्षेत्रफल 103.70 वर्गफीट मौजा बोरसी दुर्ग वार्ड नं. 49 पूर्व सी.जी.एच.बी. बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग में स्थित है को बकाया राशि की अदायगी नही करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। अनावेदक को जारी रजिस्टर्ड नोटिस अधूरा पता होने से वापस प्राप्त।
चुंकि अनावेदक को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदकों को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 30/09/2024 को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
(कले. महो. व्दारा आदेशित)

(मुहर)
**डिप्टी कलेक्टर,**
**वास्ते - कलेक्टर, दुर्ग**
**दुर्ग, दिनांक 28/08/2024**

# पृथ्वी से दो महीने तक दिखेंगे दो चांद!

## आखिर क्या है मिनी मून, जिस पर है दुनिया की नजर

*वॉशिंगटन। सौर मंडल में अक्सर दिलचस्प घटनाएं घटती रहती हैं। अब एक बेहद दुर्लभ खगोलीय घटने होने जा रही है। दरअसल, सितंबर के आखिर से नवंबर के आखिर तक, करीब दो महीने तक एक मिनी-मून पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। इसका मतलब यह है कि दो महीने के लिए पृथ्वी के पास दो चंद्रमा होंगे। इस घटना से पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण की ताकत दिखेगी। हालांकि, यह आसमान में दिखने वाले चंद्रमा की तरह नहीं होगा, बल्कि यह एक एस्टेरॉयड के रूप में बेहद छोटा होगा। इस मिनी मून का नाम 2024 PT5 है।*



### नंगी आंखों से नहीं दिखाई देगा मिनी चांद

यह चांद नंगी आंखों से नहीं दिखाई देगा। इसे देखने के लिए हाई पावर टेलीस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी। यह मिनी-मून 2024 **PT**5 सिर्फ 10 मीटर (33 फीट) व्यास का है। वैज्ञानिकों ने इसी साल अगस्त में इसकी खोज की थी। 29 सितंबर से 25 नवंबर तक इस पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव रहेगा। इस अवधि के दौरान यह एस्टेरॉयड पृथ्वी की परिक्रमा करेगा, लेकिन एक चक्कर पूरा नहीं कर पाएगा।

### गुरुत्वाकर्षण का है कमाल

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मिनी-मून वे एस्टेरॉयड हैं, जो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण ग्रह की कक्षा में आ जाते हैं और वे तब तक यहां रहते हैं जब तक कि वे अलग होकर दूर नहीं चले जाते। कक्षा में रहने की अवधि इस बात पर निर्भर होती है वे किस गति से पृथ्वी के पास पहुंचते हैं। पृथ्वी की कक्षा में आने वाले ज्यादातर मिनी-मून को देखना कठिन है। इसका कारण यह है कि वह बहुत छोटे होते हैं और अंतरिक्ष के अंधेरे की पृष्ठभूमि में दिखाई देने के लिए उनके पास पर्याप्त चमक नहीं होती है।

### धरती से करीब 10,000 किमी है ऊपर

बेहद दुर्लभ होते हैं मिनी-मून। आमतौर पर यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण धरती कक्षा में 10 से 20 सालों में सिर्फ एक बार प्रवेश करते हैं। हालांकि, हाल के सालों में देखा गया है कि मिनी-मून एक्सोस्फीयर में रह सकते हैं, जो धरती की सतह से करीब 10,000 किमी ऊपर है। औसतन मिनी-मून कुछ महीनों से लेकर दो साल तक पृथ्वी की कक्षा में रहते हैं। इसके बाद यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव से दूर हो जाते हैं और अंतरिक्ष में वापस लौट जाते हैं। अंतरिक्ष में दूसरे चट्टानी पिंडों की तरह भी इनका निर्माण धातु पदार्थों, कार्बन, मिट्टी और सिलिकेट सामग्री के मिश्रण से हुआ हो सकता है।

**पेपर में क्या है?**

वैज्ञानिकों ने पेपर में लिखा है कि पृथ्वी के निकट की वस्तुएं (नियर अर्थ ऑब्जेक्ट) घोड़े के नाल जैसे पथ का अनुसरण करती हैं। यह ग्रह के करीब और कम सापेक्ष वेग से पहुंचती है, तो मिनी मून जैसी घटना होती है। इसके कारण एस्टेरॉयड की भूकेंद्रित ऊर्जा घंटों, दिनों या महीनों के लिए नकारात्मक हो जाती है। हालांकि, पूरा परिक्रमा किए वगैर वह अपने रास्ते पर निकल जाती हैं। एस्टेरॉयड 2024 **PT**5 धरती के समान कक्षाओं वाली नियर अर्थ ऑब्जेक्ट का हिस्सा है।

# पृथ्वी को हिला सकते हैं चीन के महाकाय बांध

## दुनिया के सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम की ताकत से घबरा गए थे नासा वैज्ञानिक

**बीजिंग।** चीन दुनिया के सबसे बड़े बांध बनाने में पूरी ताकत से जुटा हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोइलेक्ट्रिक बांध थ्री जॉर्ज एक दैत्याकार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट है जो धरती की घूमने की ताकत को प्रभावित कर रहा है। आईएफएल साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक यह बांध मध्य चीन में के हुबेई प्रांत में है। यह बांध यूरेशिया की सबसे बड़ी नदी यांगट्ज़ी पर



बनाया गया है। इस बांध में नजदीक की तीन घाटियों से पानी आता है। इसके पानी से टर्बाइन को घुमाया जाता है और बिजली पैदा की जाती है। इस बांध के धरती को हिला देने की ताकत को सबसे पहले साल 2005 में अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों की ओर से खोजा गया था। नासा के वैज्ञानिकों ने पाया था कि साल 2004 में आए बेहद शक्तिशाली भूकंप और हिंद महासागर में आई प्रलयकारी सुनामी से धरती का चक्कर लगाना प्रभावित हो गया था। नासा ने बताया था कि किसी तरह से धरती पर द्रव्यमान के वितरण को बदलने से ग्रह के जड़त्व आघूर्ण पर बहुत कम प्रभाव पड़ सकता है।

### धरती पर दिन को बढ़ा सकते हैं चीन के बांध

नासा के विशेषज्ञों ने कहा कि अगर बहुत बड़े पैमाने पर पानी का बदलाव किया जाता है तो भी धरती के चक्कर लगाने को प्रभावित किया जा सकता है। आईएफएल साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2005 में नासा के गोड्डार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वैज्ञानिक डाक्टर बेंजामिन फोंग चाओ ने बताया था कि चीन का विशाल बांध 40 क्यूबिक किमी तक पानी को संग्रह कर सकता है। इस गणना के मुताबिक द्रव्यमान में बदलाव धरती पर दिन को 0.06 सेकंड तक बढ़ा सकता है। यह बदलाव धरती के ध्रुवों की स्थिति को दो सेंटीमीटर तक बदल सकता है।







# बड़ा चमत्कारी है ये हनुमान मंदिर, पाताल से जुड़ी है मूर्ति की अनोखी कहानी



**भोपाल।** गुधौरा गांव में स्थित हनुमान जी का मंदिर न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि दूसरे राज्यों के भक्तों के लिए भी एक आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर की खासियत ये है कि यहां विराजित हनुमान जी की मूर्ति जमीन से निकली है, जिसका दाएं पैर पाताल से जुड़ा हुआ बताया जाता है। पुजारी शोभालाल पांडे के अनुसार, ये मूर्ति अंग्रेजों के जमाने की है और इसकी चमत्कारी शक्तियों के कारण लोग दूर-दूर से इसे देखने आते हैं। इस मंदिर की मान्यता और रहस्यमय इतिहास इसे विशेष बनाते हैं।

### हनुमानजी करते हैं गांव की रक्षा

गांव के रामकिशोर विश्वकर्मा का कहना है कि इस मूर्ति का दाएं पैर पाताल से जुड़ा है। कई बार खुदाई की गई, लेकिन दाएं पैर के छोर का कोई पता नहीं चल सका। इस रहस्य ने मूर्ति की महत्ता को और बढ़ा दिया है। गांव के निवासी कल्लू सिंह बताते हैं कि जब भी गांव में कोई संकट आता है, हनुमान जी ही गांव की रक्षा करते हैं। एक बार जब ईंट भट्टे की आग गांव में फैल गई थी, तब गांव वालों ने हनुमान जी का नाम लिया, जिसके बाद आंधी-बारिश हुई और आग शांत हो गई।

### विवाद समाधान की शक्ति

इस मंदिर के बारे में एक दिलचस्प बात यह है कि यहां आकर कोई भी व्यक्ति झूठी कसमें नहीं खा सकता। जब भी किसी का विवाद होता है और गांव वाले उसे सुलझाने में असफल रहते हैं, तो वे यहां आते हैं, और उनकी सोच बदल जाती है। इससे विवाद सुलझ जाते हैं और गांव में शांति बनी रहती है। इस मंदिर की चमत्कारिक शक्तियों और रहस्यमय इतिहास ने इसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बना दिया है, जहां लोग दूर-दूर से आकर हनुमान जी का आशीर्वाद लेते हैं।







# 9वीं पास 'डॉक्टर' का कारनामा 20 साल से कर रहा था सर्जरी वसूलता था मोटी फीस!



**बैंकाक।** डॉक्टरों का दर्जा किसी भी समाज में ईश्वर के बाद दूसरा माना जाता है। उसकी एक ही वजह है कि अगर ईश्वर ज़िंदगी देते हैं और डॉक्टरों के हाथ में ज़िंदगी बचाने का हुनर होता है। किसी भी तरह की शारीरिक समस्या हो, डॉक्टर के पास पहुंचते ही हम मान लेते हैं कि इसमें आराम मिल जाएगा। हालांकि, कई बार इंसान फर्ज़ी डॉक्टरों के भी चक्कर में पड़ जाता है। जब भी हम किसी क्लीनिक में जाते हैं, जो ज्यादातर लोग इस बात पर ध्यान ही नहीं देते कि डॉक्टर की पढ़ाई क्या है या फिर उसने इससे पहले कहां-कहां काम किया है, वगैरह-वगैरह।

### फर्ज़ी डॉक्टर मोटी फीस

ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक थाईलैंड का एक अजीबोगरीब केस सामने आया है। यहां 36 साल का एक आदमी डॉक्टर बनकर लोगों को इतना बेवकूफ बना रहा था कि उसने बहुत से लोगों की ज़िंदगी तक बर्बाद कर दी। सिर्फ कक्षा 9 की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने खुद ही सर्जरी करना सीख लिया था। पिछले 20 साल से वो पुरुषों की प्राइवेट समस्याओं से जुड़ी हुई सर्जरी करता था। हर महीने वो दो से तीन ऑपरेशन कर देता है और इसके लिए 12 हजार से लेकर 50 हजार तक की फीस भी चार्ज करता था।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

सेंट्रल थाईलैंड में अपना धंधा चला रहे इस फर्ज़ी डॉक्टर का भांडा तब फूटा, जब उसके एक मरीज़ को ऑपरेशन के बाद भयानक इंफेक्शन हो गया। उसने पुलिस को इस बारे में बताया, तब एक स्टिंग ऑपरेशन की मदद से पुलिस ने फर्ज़ी सर्जन को धर दबोचा। पकड़े जाने के बाद उनसने बताया कि न तो उसने मेडिकल की कोई पढ़ाई की और न ही उसके पास कोई लाइसेंस है। किट्टीकोर्न सॉन्गस्री पर अवैध क्लीनिक चलाने और बिना लाइसेंस प्रैक्टिस करने का चार्ज लगा है। इसके अलावा पीड़ित मरीज़ ने भी उस पर लीगल एक्शन लिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com